इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

स्वस्तिक ऑफसेट & स्क्रीन प्रिंट
उत्कृष्ट एवं कलात्मक छपाई हेतु...
पता : बल्देव बाग, राजनांदगांव मो. 93004-14726

वर्ष- 45 | अंक - 176 | राजनांदगांव, शुक्रवार 15 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## ट्रंप-जिनपिंग शिखर सम्मेलन : ईरान नहीं बनाएगा परमाणु हथियार, हॉर्मुज जलसंधि खुली रखने पर अमेरिका और चीन में बनी सहमति

नई दिल्ली। बीजिंग में गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई उच्च स्तरीय बैठक में वैश्विक स्थिरता को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए। ईरान युद्ध के बाद पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु ऊर्जा आपूर्ति और सुरक्षा रहा। अमेरिका और चीन इस बात पर एकमत हुए हैं कि ऊर्जा और व्यापार के निर्बाध प्रवाह के लिए 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य'को हर हाल में खुला रखा जाना चाहिए। साथ ही, दोनों महाशक्तियों ने स्पष्ट किया कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



### ऊर्जा संकट और हॉर्मुज जलसंधि पर बड़ा फैसला

दुनिया की कुल कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। व्हाइट हाउस द्वारा जारी बयान के अनुसार, दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए इस समुद्री मार्ग को खुला रखना अनिवार्य है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस मार्ग के सैन्यीकरण और किसी भी प्रकार के टोल (टैक्स) वसूलने के प्रयासों का कड़ा विरोध किया। ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी निर्भरता कम करने के लिए चीन ने अमेरिका से अधिक तेल खरीदने में भी रुचि दिखाई है, जिससे भविष्य में हॉर्मुज मार्ग पर दबाव कम हो सके।

### अमेरिका-चीन संबंधों के लिए 'नया विजन'

राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस मुलाकात को द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक 'नए विजन' की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई इस बातचीत में अगले तीन वर्षों और उससे आगे के लिए एक स्थिर और रचनात्मक संबंध बनाने पर सहमति बनी है। व्हाइट हाउस के अनुसार, बैठक में आर्थिक सहयोग बढ़ाने, अमेरिकी व्यवसायों के लिए चीन के बाजार खोलने और अमेरिकी उद्योगों में चीनी निवेश बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा, दोनों देशों ने फेंटेनाइल जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने और अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाने पर भी प्रगति की बात कही।

### ताइवान मुद्दे पर चीन की सख्त चेतावनी

इस ऐतिहासिक वार्ता के दौरान शी जिनपिंग ने ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका को सख्त चेतावनी भी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ताइवान का मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामला है। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार, जिनपिंग ने चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे को सही ढंग से नहीं संभाला गया, तो यह गंभीर संघर्ष और टकराव का रूप ले सकता है, जिससे दोनों देशों के संबंधों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने अमेरिका से ताइवान से जुड़े मामलों में बेहद सावधानी बरतने का आग्रह किया।

## केरल की राजनीति में बड़ा उलटफेर! जो थे मुख्यमंत्री बने विपक्ष के लीडर, और प्रतिपक्ष नेता वी.डी. सतीशन संभालेंगे सीएम की कुर्सी

नई दिल्ली। कई दिनों के उठापटक के बाद कांग्रेस ने केरल में नए सीएम के नाम की घोषणा कर दी। वी.डी. सतीशन को राज्य का सीएम बनाया गया है। वहीं अब विपक्ष के नेता को लेकर भी अपडेट आ गया है। इस बार बहुत दिलचस्प उलटफेर केरल की राजनीति में हुआ है। पिछले दस साल तक मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने वाले पिनाराई विजयन अब विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाएंगे। वहीं, जो नेता पिछले कार्यकाल में सरकार को घेरते रहे, वही वी.डी. सतीशन अब राज्य के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।



### पिनाराई विजयन के नाम पर मुहर

सीपीआई (एम) ने गुरुवार को हुई राज्य समिति की बैठक में पिनाराई विजयन को सर्वसम्मति से विधानसभा में विपक्ष का नेता चुना। पार्टी के राज्य सचिव एम.वी. गोविंदन ने इसकी जानकारी दी। बैठक में पार्टी महासचिव एम.ए. बेबी, ए. विजयराघवन और खुद पिनाराई विजयन भी मौजूद रहे। पिनाराई विजयन ने 2016 से 2026 तक लगातार दस साल केरल की सत्ता के शीर्ष पर रहे। उनके नेतृत्व में एलडीएफ सरकार ने दो कार्यकाल पूरे किए, लेकिन इस बार जनता ने सत्ता परिवर्तन का फैसला किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी यूडीएफ ने बड़ी जीत दर्ज की।

### वी.डी. सतीशन बने केरल के नए सीएम

करीब 10 दिनों के उठापटक के बाद कांग्रेस नेता वी.डी. सतीशन को केरल की जिमेवारी दी गई है। पिछले विधानसभा कार्यकाल में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली सीएम का बड़ा फैसला : हफ्ते में 2 दिन वर्क फ्रॉम होम, पेट्रोल खर्च में कटौती और नो कार डे अभियान शुरू

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'समझदारी से खर्च' और ईंधन बचत की अपील के अनुरूप दिल्ली सरकार ने गुरुवार को ईंधन खपत कम करने और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव घटाने के लिए कई बड़े कदमों की घोषणा की। नई व्यवस्था के तहत दिल्ली सरकार के सभी कर्मचारी सप्ताह में दो दिन घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) करेंगे। इसके अलावा, सरकारी यात्रा और ईंधन उपयोग कम करने के लिए 50 प्रतिशत आधिकारिक बैठकों को ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा।



दिल्ली सरकार और एमसीडी कार्यालयों के समय में भी बदलाव करेंगे, ताकि पीक आवर्स में ट्रैफिक जाम और ईंधन खपत को कम किया जा सके। सरकार नागरिकों को ईंधन बचत और जिम्मेदार उपभोग के लिए प्रेरित करने हेतु विशेष अभियान भी शुरू करेगी।

सरकारी वाहनों के उपयोग में कटौती करने का भी फैसला लिया गया है। अधिकारियों को दिए जाने वाले पेट्रोल कोटे में 20 प्रतिशत की कमी की गई है, जिसके बाद मासिक सीमा 200 लीटर कर दी गई है।

सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली में 'मेट्रो डे' मनाया जाएगा, जबकि लोगों से सप्ताह में एक दिन 'नो कार डे' अपनाने की अपील भी की जाएगी। दिल्ली सरकार ने अगले छह महीनों तक कोई नया वाहन नहीं खरीदने का भी निर्णय लिया है। सरकारी कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 29 सरकारी कॉलोनियों में 58 विशेष बसें चलाई जाएंगी।

## तमिलनाडु के मंत्री आधव अर्जुना बड़ा बयान, 'हम हिंदुओं के नहीं, हिंदुत्व के खिलाफ', कहा- 'मैं भगवान को नहीं मानता'

चेन्नई। तमिलनाडु के विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन के 'सनातन विरोधी' बयान को लेकर मचे भारी बवाल के बीच अब मंत्री आधव अर्जुना ने एक नया मोर्चा खोल दिया है। चेन्नई में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने अपनी पार्टी का स्टैंड साफ किया मंत्री आधव अर्जुना ने कड़े शब्दों में कहा कि हम हिंदुओं के खिलाफ नहीं हैं, हम हिंदुत्व के खिलाफ हैं। हिंदुत्व का मतलब है अपना धर्म थोपना।



### उत्तर और दक्षिण में 'सनातन' का अलग मतलब?

मंत्री अर्जुना ने उत्तर भारत और दक्षिण भारत की राजनीति में सनातन शब्द के इस्तेमाल पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने दावा किया कि सनातन शब्द की गलत व्याख्या की जाती है। पत्रकारों के सामने अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में 'सनातन' का अर्थ 'हिंदू' होता है, लेकिन तमिलनाडु में 'सनातन धर्म' का अर्थ असमानता है। इसी बात पर हमेशा विवाद होता है। इसी बीच उन्होंने उदयनिधि स्टालिन को नसीहत देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को अपने बयान पर पूरी स्पष्टता देनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि वे व्यक्तिगत रूप से ईश्वर में विश्वास नहीं रखते, लेकिन एक मंत्री और विधायक के तौर पर वे सभी धर्मों और जातियों का सम्मान करते हैं।

आधव अर्जुना ने जाति और धर्म के आधार पर होने वाले भेदभाव का खुलकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि टीवीके हमेशा हिंदू, क्रिश्चियन और मुस्लिम सभी को बराबर मानती है और सभी की आस्थाओं का सम्मान करती है। अपने निजी विचारों को सामने रखते हुए उन्होंने कहा 'मुझे इसका सम्मान करना है, और हमारे नेता, मुख्यमंत्री विजय को भी। यही भारतीय संविधान है। हम किसी भी तरह की ऊंच-नीच में विश्वास नहीं रखते।'

### बंद होंगी 700 शराब दुकानें- सीएम विजय

इसी बीच मंत्री आधव अर्जुना ने मुख्यमंत्री विजय की अगुवाई वाली नई सरकार के कामकाज का ब्योरा भी दिया। उन्होंने बताया कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में खत्म होंगे केस - रिपोर्ट

नई दिल्ली। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में लगे धोखाधड़ी के आरोप जल्द ही खत्म हो सकते हैं. ब्लूमबर्ग ने मामले से जुड़े सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि अमेरिकी अधिकारियों ने ये मामला सुलझाने और आपराधिक मामले को वापस लेने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं. इसी के साथ पिछले एक साल से चल रहे कानूनी विवाद का अंत हो सकता है.



ब्लूमबर्ग का दावा है कि अमेरिका का न्याय विभाग इसी हफ्ते अदाणी के खिलाफ आरोपों को वापस लेने की घोषणा कर सकता है. अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) भी अदाणी और अन्य के खिलाफ नवंबर 2024 में शुरू किए गए समानांतर सिविल फ्रॉड के मामले को निपटाने की तैयारी कर रहा है.

गौर करने की बात है कि अदाणी ग्रुप शुरू से ही इन आरोपों से इनकार करता रहा है. इन मामलों के खत्म होने से अदाणी ग्रुप के लिए अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजारों के दरवाजे फिर से खुल जाएंगे. इससे ग्रुप को अपनी विस्तार योजनाओं में आक्रामक रणनीति के साथ आगे बढ़ने में मदद मिलेगी.

ब्लूमबर्ग ने परिचित लोगों के हवाले से कहा है कि अमेरिकी न्याय विभाग देश के बाहर हुए घटनाक्रम से संबंधित मामले में आरोपों को हटाने के लिए कदम उठा सकता है, लेकिन स्थ्रष्ट के प्रस्ताव में मामले को निपटाने के लिए जुर्माने का प्रावधान शामिल हो सकता है. अमेरिकी अटॉर्नी के ब्रुकलिन स्थित ऑफिस ने फिलहाल इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है. स्थ्रष्ट और अदाणी ग्रुप के प्रवक्ता ने भी इस घटनाक्रम पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है. गौरतलब है कि ब्रुकलिन अटॉर्नी ऑफिस ने अदाणी और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा ने राहुल गांधी के विदेश दौरों की फंडिंग पर उठाए सवाल - 11 करोड़ घोषित आय, 60 करोड़ खर्च

पटना। बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और बीजेपी नेता मंगल पांडेय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने राहुल गांधी से उनकी विदेश यात्राओं की फंडिंग का स्रोत सार्वजनिक करने की मांग की है।



मंगल पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी पिछले 22 वर्षों से जनप्रतिनिधि हैं और इस दौरान उन्होंने कई विदेश यात्राएं की हैं। अब जनता को यह जानने का अधिकार है कि इन यात्राओं पर खर्च किया गया पैसा कहां से आया।

### 54 विदेश यात्राओं का किया जिक्र

बीजेपी नेता ने दावा किया कि राहुल गांधी ने पिछले वर्षों में कुल 54 विदेश यात्राएं की हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन यात्राओं पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। मंगल पांडेय ने कहा कि इनमें से अधिकांश यात्राएं निजी थीं और कई दौरों में राहुल गांधी के साथ तीन से चार लोग भी मौजूद रहे।

### घोषित आय और खर्च पर उठाए सवाल

मंगल पांडेय ने राहुल गांधी की घोषित आय का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2013-14 से 2022-23 के बीच उनकी कुल आय लगभग 11 करोड़ रुपये बताई गई है। उन्होंने सवाल किया कि जब घोषित आय 11 करोड़ रुपये थी, तो फिर 60 करोड़ रुपये खर्च कर विदेश यात्राएं कैसे की गईं। बीजेपी नेता ने इसे सार्वजनिक करने की मांग की।

### कांग्रेस पर भी साधा निशाना

बीजेपी नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को भी इस मामले पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पारदर्शिता की बात करती है, लेकिन अपने नेताओं के खर्च और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी के बाद नेताम समेत छत्तीसगढ़ के इन 3 मंत्रियों ने छोड़ा प्रोटोकॉल काफिला

अंबिकापुर। अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध से आए संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ईंधन संरक्षण और सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाने की अपील की गई है। इसके बाद छत्तीसगढ़ के 3 मंत्रियों ने प्रोटोकॉल वाहनों के उपयोग को सीमित करने का निर्णय लिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल और मंत्री रामविचार नेताम ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। अब सामान्य परिस्थितियों में पायलट वाहन, फॉलो गाड़ी और अतिरिक्त प्रोटोकॉल वाहन नहीं चलेंगे।



मंत्रियों ने कहा है कि केवल सुरक्षा या विशेष परिस्थितियों में ही प्रोटोकॉल वाहनों का उपयोग किया जाएगा। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विभागीय अधिकारियों को भी वाहनों के उपयोग अनावश्यक से बचने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण और राष्ट्रहित से जुड़ा दायित्व है।

वहीं मंत्री राजेश अग्रवाल पहले भी अपनी सादगीपूर्ण जीवनशैली को लेकर चर्चा में रहे हैं। वे कई बार अपने गृह ग्राम लखनपुर में स्कूटी से घूमते रहते हैं। मंत्री पद की शपथ लेने के अगले ही दिन वे स्कूटी से मंदिर में भगवान के दर्शन करने गए थे। इस दौरान उनका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ था। इधर मंत्री रामविचार नेताम ने भी आवश्यक कार्यों में ही वाहनों के उपयोग करने की बात कही है।

पीएम मोदी की अपील का असर धीरे-धीरे मंत्री से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम जनता पर भी होता दिख रहा है। अब स्थानीय स्तर पर भी कई जनप्रतिनिधि चारपहिया के बजाय दोपहिया वाहनों का उपयोग करते दिख रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोलकाता के डीसीपी पर ईडी का शिकंजा : डिप्टी पुलिस कमिश्नर शांतनु सिन्हा गिरफ्तार; पूर्व सीएम ममता से थी करीबी

नई दिल्ली। कोलकाता से एक बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता के डिप्टी पुलिस कमिश्नर शांतनु सिन्हा बिस्वास को एक कथित वसूली रैकेट में गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एक संगठित अपराध नेटवर्क से जुड़े मामले की जांच के दौरान की गई, जिसमें कुख्यात अपराधी सोना पप्पू और व्यवसायी जय कामदार के नाम भी सामने आए हैं। फिलहाल, मामले की जांच जारी है और इसे संगठित अपराध और भ्रष्टाचार के बड़े नेटवर्क के रूप में देखा जा रहा है।



### लुकआउट नोटिस के बाद ईडी के सामने पेश हुए थे अधिकारी

जांच एजेंसी के अनुसार, डिप्टी पुलिस कमिश्नर शांतनु सिन्हा बिस्वास के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद वह श्रष्ठ के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हुए। हालांकि, जांच के दौरान उन पर सहयोग न करने और महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया गया। ईडी अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान कई सवालों के स्पष्ट जवाब नहीं दिए गए, जिससे जांच प्रक्रिया प्रभावित हुई।

### वसूली रैकेट और संगठित अपराध से जुड़ा मामला

यह पूरा मामला कथित रूप से एक बड़े वसूली रैकेट से जुड़ा हुआ है, जिसमें अपराधी सोना पप्पू और व्यवसायी जय कामदार के बीच आर्थिक लेन-देन और अवैध वसूली के नेटवर्क की जांच चल रही थी। जांच एजेंसी को संदेह है कि इस नेटवर्क में कुछ प्रभावशाली लोगों की भी भूमिका हो सकती है, जिसके चलते मामले की जांच को और गहराई से आगे बढ़ाया जा रहा है। ईडी की जांच में सामने आया है कि इस नेटवर्क के जरिए कथित रूप से अवैध धन की वसूली और उसे अलग-अलग माध्यमों से घुमाने की कोशिश की गई।

### जांच में असहयोग का आरोप

ईडी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा है कि गिरफ्तार अधिकारी से पूछताछ के दौरान असहयोग की स्थिति बनी रही। एजेंसी का दावा है कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों और लेन-देन से जुड़े सवालों पर संतोषजनक जवाब नहीं दिए गए। इसके बाद जांच एजेंसी ने उन्हें गिरफ्तार करने का निर्णय लिया, ताकि आगे की पूछताछ और सबूतों की जांच प्रभावी ढंग से की जा सके।

### सियासी करीबी और बढ़ती मुश्किलें

बताया जाता है कि शांतनु सिन्हा का संबंध तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व, खासकर ममता बनर्जी से करीबी रहा है। उन पर पहले भी कई तरह के आरोप लग चुके हैं। अब राज्य की सत्ता बदलने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है।

## होर्मुज मे भारतीय टैंकर 'हाजी अली' पर ड्रोन हमला : समंदर में समाया जहाज, एमईए ने कहा- 'अस्वीकार्य'

नई दिल्ली। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ओमान के समुद्री तट के पास भारतीय फ्लैग वाले मालवाहक जहाज 'हाजी अली' पर एक भीषण ड्रोन हमला हुआ है। यह हमला इतना शक्तिशाली था कि कुछ ही पलों में जहाज में आग लग गई और वह देखते ही देखते समंदर में समा गया। भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने इस घटना पर तीखी आपत्ति जताते हुए इसे पूरी तरह से 'अस्वीकार्य' करार दिया है। अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच गुजरात का शिपिंग उद्योग लगातार ऐसे हमलों का शिकार हो रहा है।



घटनाक्रम के अनुसार, बुधवार 13 मई 2026 की सुबह लगभग 3.30 बजे यह जहाज सोमालिया के बरबरा से शारजाह की ओर जा रहा था, जब यह ओमान के लिमाह के पास से गुजर रहा था, तभी एक मिसाइल या ड्रोन जोरदार धमाके के साथ जहाज से टकरा गया। इस हमले के तुरंत बाद जहाज में भीषण आग लग गई और वह डूबने लगा। यह जहाज गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले का था और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक रूट पर अपनी नियमित यात्रा पर था।

### 14 भारतीय नाविकों की बाल-बाल बची जान

जहाज को डूबता देख उस पर सवार कुल 14 क्रू सदस्यों ने तुरंत सूझबूझ दिखाई। उन्होंने लाइफबोट्स और टाइम सिग्नल का इस्तेमाल कर अपनी जान बचाई। ओमान कोस्ट गार्ड और नेवी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और सभी 14 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया। हादसे के बाद इन नाविकों को ओमान के दीबा बंदरगाह पर पहुँचाया गया है और अब उन्हें वापस भारत लाने की कोशिशें की जा रही हैं। जहाज के मालिक सुल्तान अहमद संघार ने भी सभी सदस्यों के सुरक्षित होने की पुष्टि की है।

### एक हफ्ते में दूसरी बड़ी घटना : 'अल फैज नूर सुलेमानी-1' भी डूबा

यह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक हफ्ते के भीतर भारतीय जहाज के डूबने की दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले 8 मई 2026 की रात को गुजरात का ही एक अन्य जहाज 'अल फैज नूर सुलेमानी-1' भी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में डूब गया था। वह जहाज दुबई से यमन के मुक्काला जा रहा था और अमेरिका-ईरान के बीच हुई गोलीबारी की चपेट में आ गया था। इन लगातार होती घटनाओं ने हिंद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में नहीं होगी बढ़ोतरी, अफवाहों के बीच सरकार का साफ संदेश

नई दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। इनकी खुदरा कीमतें अपरिवर्तित हैं। सरकार ने यह भी बताया कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है।



पेट्रोलियम मंत्रालय के एक अधिकारी ने दैनिक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा, सभी नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे मौजूदा स्थिति में अपने दैनिक उपयोग में ऊर्जा की बचत के लिए प्रयास करें।

उन्होंने कहा, नागरिकों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी करने से बचने की सलाह दी जाती है। अफवाहों से सावधान रहें और सही जानकारी के लिए आधिकारिक स्त्रोतों पर भरोसा करें।

### घबराहट में खरीददारी और अफवाहों से बचें

मंत्रालय ने बताया कि भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी (परिवहन) की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पिछले तीन दिनों में लगभग 1.40 करोड़ घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की बुकिंग के मुकाबले करीब 1.39 करोड़ सिलिंडरों की आपूर्ति की गई है।

## पहला कॉलम...

### सीबीएसई में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 55 विद्यार्थियों ने विज्ञान और कला संकाय से परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें सभी विद्यार्थी सफल हुए। देविका ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल 54 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल शुभकामनाएं दी है। प्राचार्य श्री मनीष कुमार ने बताया कि गत वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा था। उन्होंने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से मिला है।

### अंग्रेजी संवाद से निखरेगा व्यक्तित्वः रॉयल किड्स कान्वेंट में स्पेशल क्लासेज़ शुरू



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कान्वेंट में आज से स्पोकन इंग्लिश की स्पेशल क्लासेज़ की शुरुआत की गई। इस विशेष कक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी बोलने की झिझक दूर कर आत्मविश्वास बढ़ाना है। पहले दिन कुल 14 बच्चे कक्षा में उपस्थित थे । कक्षा के दौरान बच्चों को रोज़मर्रा के विषयों, शिष्टाचार, और खुद को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने की कला अंग्रेजी में सिखाई गई। स्पोकन इंग्लिश के माध्यम से बच्चे न केवल भाषा सीख रहे हैं, बल्कि पब्लिक स्पीकिंग, टीम वर्क और इंटरव्यू स्किल्स भी विकसित कर रहे हैं।

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि इस स्पेशल क्लास से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा और वे भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगे। अभिभावकों ने भी स्कूल की इस पहल की सराहना की है।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे.बी. सिंह उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह बोर्ड मेंबर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती ईला सिंह अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### क्रेस्ट स्टील जोरातराई में श्रम प्रावधानों का पालन नहीं, श्रमिकों ने दिया धरना



राजनांदगांव (दावा)। क्रेस्ट स्टील जोरातराई जिला राजनांदगांव कंपनी में करीब 800 श्रमिक व कर्मचारी कार्यरत है, कंपनी पिछले 20 वर्षों से उत्पादित है, कंपनी द्वारा श्रम प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है, श्रेणी अनुसार वेतन नहीं दिया जा रहा है, प्रॉफिट के अनुसार 20प्रतिशत की दर से बकाया बोनस भुगतान नहीं किया जा रहा है, ना ही वेतन में बढ़ोतरी किया जा रहा है, इस संबंध में 8 माह पूर्व मांग पत्र कंपनी में दिए थे, पूरा नहीं किए जाने के कारण श्रम पदाधिकारी राजनांदगांव कार्यालय में संघर्षशील इंजीनियरिंग श्रमिक संघ के महासचिव तथा छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागडे द्वारा पेश किया गया था, जिस पर अभी तक निराकरण नहीं होने के कारण 14 मई 2006 को सुबह 10 बजे मजदूरों ने उत्पादन करना बंद किए फर्स्ट पाली व जनरल पाली के करीब 300 श्रमिक कंपनी के अंदर है तथा सेकंड पाली व नाइट पाली के श्रमिक कंपनी के बाहर पंडाल में शांतिपूर्वक धरना दिए हैं। धरना स्थल पर मजदूरों ने अपने लिए भोजन की व्यवस्था किए हैं। मजदूरों की मांगों के समर्थन में जोरातराई ग्राम पंचायत के सरपंच रमाकांत साहू तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के महासचिव पुनाराम साहू ने दी।







# इन्टरप्राइजेस गोदाम में हुई लाखों की सिगरेट चोरी का खुलासा, अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 शातिर चोर गिरफ्तार



○ आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 10 लाख रुपये की अर्टिगा कार जब्त
○ पुणे और जबलपुर से पकड़े गए आरोपी, मुख्य सरगना विक्रम सिंह की सरगर्मी से तलाश जारी

राजनांदगांव (दावा)। शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के समीप स्थित पुराने विश्राम गृह के पास, अनमोल परिसर स्थित एक इन्टरप्राइजेस गोदाम में गत दिनों हुई लाखों रुपये की सिगरेट चोरी के मामले को राजनांदगांव पुलिस ने सुलझा लिया है। कोतवाली पुलिस और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है और तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने इनके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई अर्टिगा कार भी जब्त की है। इस बड़ी कामयाबी के संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम के जन संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एएसपी कीर्तन राठौर ने मामले का विस्तृत खुलासा किया।

#### शटर का ताला तोड़कर उड़ाए थे 11.90 लाख की सिगरेट

पुलिस के अनुसार, सिंधी कॉलोनी (गली नंबर 5) निवासी प्रार्थी राहुल तेजवानी (पिता रामचंद तेजवानी, उम्र 34 वर्ष) ने 1 मई को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने बताया था कि 30 अप्रैल की रात 9 बजे से 1 मई की सुबह 5 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने पुराने रेस्ट हाउस के पास स्थित उनके आर. सी. एम. इन्टरप्राईजेस एवं गोदाम का ताला तोड़ दिया। चोरों ने गोदाम के भीतर रखे विभिन्न ब्रांड्स (गोल्ड किंग, गोल्ड फ्लेग, क्लासिक माइल्ड आदि) के कुल 11 लाख 90 हजार रुपये की कीमती सिगरेट के कार्टून पार कर दिए थे। शिकायत पर कोतवाली थाना प्रभारी मिलन सिंह द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 234/2026, धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

#### सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी इनपुट्स से मिला क्लू

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी और सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में एक संयुक्त विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटना स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया और शहर के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज से मिले महत्वपूर्ण सुरागों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस की टीमों को तत्काल जबलपुर (म.प्र.) और पुणे (महाराष्ट्र) रवाना किया गया।

#### पुणे और जबलपुर से दबोचे गए आरोपी

पुलिस टीम ने जबलपुर में घेराबंदी कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनकी पहचान सागर घोडके (उम्र 29 वर्ष) और कुणाल पांडुरंग जाधव (उम्र 26 वर्ष), दोनों निवासी चिंचवड़, पुणे (महाराष्ट्र) के रूप में हुई। राजनांदगांव लाकर कड़ाई से की गई पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथियों–विपुल संदीप विटकर और विक्रम राजपूत के साथ मिलकर पुणे से अर्टिगा कार (क्रमांक रू12 ड्ढछ्व 7339) से राजनांदगांव आकर इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पुणे से तीसरे आरोपी विपुल विटकर (पिता संदीप विटकर, उम्र 21 वर्ष) को भी 14 मई 2026 को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी में प्रयुक्त अर्टिगा कार भी जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 10,00000 (दस लाख) रुपये आंकी गई है।

#### मुख्य आरोपी फरार, तलाश जारी

मामले का मुख्य आरोपी विक्रम सिंह राजपूत (निवासी पुणे, महाराष्ट्र) अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस की विशेष टीम उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है और दावा किया जा रहा है कि उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पेंड्री फेमली ढाबा के पास मेंन पाइप लाइन फूटा, ऊंचाई तक उठते रहा पानी का फव्वारा

### नेशनल हाईवे के आसपास का क्षेत्र हुआ पानी ही पानी, गर्मी के दिनों में हजारों लीटर पानी की हुई व्यर्थ बर्बादी




राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी के दिनों में शहर में कोई ऐसा वार्ड नहीं होगा जो पानी का संकट नहीं झेल रहा हो। नलों की धार पतली हो चुकी है। कुछ नले तो लगभग बंद हो चुकी है। ऐसे हालात में लगभग पूरा शहर टैंकरों के भरोसे चल रहा है। ऐसे पानी की किल्लत वाली परिस्थिती में निगम के लोगों की लापरवाही से मेंन पाइप लाइन फूट जाए और आकाश को चूमते फौवारा उठने लगे जिससे हजारों लीटर पानी की बरबादी हो तो, निगम के लोगों की लापरवाही के लिए क्या कहा जा सकता है।

बताया जाता है कि उक्त मेन पाइप लाइन, 6 लाइन का काम के चलते फूटा, लेकिन उसे बंद करने के लिए कोई प्रयास ही नहीं किया गया।? जिससे उक्त पाइप लाइन से देर तक हजारों लीटर पानी की बरबादी होती रही। जिसे रोकने निगम का कोई भी अधिकारी, कर्मचारी भी नहीं आया।

#### भीषण गर्मी मे हजारो लीटर पानी की बर्बादी

बताते चलें कि शहर के वार्ड जिसमें खास कर मजदूर बहुल इलाके शामिल हैं नलो की धार पतली होने व किन्हीं - किन्हीं नलों में बिल्कुल पानी नहीं आने से वार्डवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं वहीं दूसरी ओर निगम की लापरवाही के चलते आउटर क्षेत्र के वार्ड में पाइप लाइन फूट रहा है जिससे हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है। फूटे पाइप लाइन से ऊंचे-ऊंचे फव्वारा उठने लगे हैं इसके बाद भी निगम का ध्यान नही जा रहा है।

नेशनल हाईवे स्थित फेमिली ढाबा के पास गुरुवार को फूटे मेन पाइप लाइन से हजारों लीटर पानी की बरबादी हुई। इस घटना को देखने आसपास के बड़ी संख्या में लोग देर तक खड़े रहे। लेकिन उक्त फूटे पाइप लाइन को सुधारने कोई भी व्यक्ति नहीं आया इससे फव्वारे की तरह उंचाई तक उठ रहा पानी आसपास में परनाला की तरह बह निकला जिससे वहां कीचड़ का माहौल निर्मित हो गया। समाचार लिखे जाने तक उक्त फूटे पाइप लाइन को नहीं सुधारा जा सका, इससे हजारों लीटर पेयजल की व्यर्थ बरबादी होती रही।

## नियमानुसार करें पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री का कार्य, जमाखोरी की स्थिति नहीं होनी चाहिए - कलेक्टर



#### कलेक्टर ने पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों की ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि नियमानुसार पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री कार्य करें। नियम के विरूद्ध रिटेल पेट्रोल पंप से औद्योगिक कार्य के लिए पेट्रोल-डीजल नहीं दें। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी को संेसेटाईज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की सतत आपूर्ति हो रही है और संकट की स्थिति नहीं है। उन्होंने सभी पेट्रोल-डीजल संचालकों से कहा कि जमाखोरी की स्थिति नहीं होनी चाहिए। आवश्यकतानुसार नियमों के तहत पेट्रोल एवं डीजल देना सुनिश्चित करें। ईंधन की बचत को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल एवं डीजल का उपयोग करना है। जिले में आपूर्ति एवं मांग के अनुरूप मूल्य का निर्धारण होना चाहिए तथा इसकी सूचना खाद्य विभाग को दें। उन्होंने पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति की निगरानी करने तथा नियमानुसार कार्य नहीं करने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी एवं अन्य अधिकारी तथा पेट्रोल-डीजल पंप संचालक उपस्थित रहे।

## आईडीबीआई बैंक द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत मेडिकल कॉलेज पेंड्री को उन्नत चिकित्सा उपकरण प्रदान



राजनांदगांव (दावा)। आईडीबीआई बैंक द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत लगभग 8.96 लाख रुपये की लागत से शासकीय मेडिकल कॉलेज पेंड्री, राजनांदगांव को उन्नत चिकित्सा उपकरण प्रदान किए गए। यह पहल मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने एवं आमजन को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेंद्र यादव उपस्थित रहे। डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेंद्र यादव द्वारा उपकरणों एवं सामग्री से भरे दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रदान किए गए उपकरणों में ब्लड डोनर काउच, पोर्टेबल ब्लड डोनर चेयर, 120 लीटर आरओ विथ वॉटर कूलर, 25 लीटर आरओ डोमेस्टिक एंड कमर्शियल सिस्टम, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, ट्रैश कार्ड ट्रॉली, पोर्टेबल ईसीजी मशीन, इमरजेंसी पेशेंट ट्रॉली, हॉस्पिटल क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, लेबोरेटरी सेंट्रीफ्यूज, सेमी-ऑटोमेटेड बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर, कोगुलोमीटर एवं हॉट एयर ओवन जैसे आधुनिक उपकरण शामिल हैं। आईडीबीआई की ओर से

### सुनीता सिंह ठाकुर का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ठाकुर गली सोनार पारा निवासी 58 वर्षीय सुनीता सिंह ठाकुर पति स्व. विनोद सिंह ठाकुर (शिक्षा विभाग) का गुरुवार को शाम 6 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार को सुबह 11 बजे उनके वर्तमान निवास पंचशील कॉलोनी ममता नगर गली नंबर 5 से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गौरव सिंह (राहुल), विनीत सिंह ठाकुर (विन्नी) की मां थीं।

---

**न्यायालय तहसीलदार मार्री बंगला देवरी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**नोटिस**

ई कोर्ट प्र.क्रं 2026042435000/ अ-6अ ग्राम-गिधवा, प.ह.नं. 01, तह. मार्रीबंगला देवरी मनोज जैन आ. चमन कुमार जाति जैन ग्राम गंजलाईन राजनांदगांव छ.ग...... आवेदक

**विरूद्ध**

सुशीला बाई पति गयाप्रसाद जाति कुर्मी ग्राम गिधवा प.ह.नं. 01.... अनावेदक

इस न्यायालय के ई-कोर्ट प्रकरण क्रमांक 2026042406000 /अ-6अ में आवेदक मनोज जैन आ. चमन कुमार जाति जैन ग्राम गंजलाईन राजनांदगांव द्वारा पति गया प्रसाद जाति कुर्मी ग्राम गिधवा के विरूद्ध त्रुटि सुधार बाबत प्रकरण विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में निम्नानुसार अनावेदकगण:-

सुशीला बाई पति गया प्रसाद जाति कुर्मी, निवासी गिधवा प.ह.नं. 01 तहसील मार्रीबंगला-देवरी

अनावेदक ग्राम गिधवा प.ह.नं. 01 तहसील मार्रीबंगला देवरी जिला-बालोद (छ.ग.) का सही निवास स्थान का पता नहीं होने के कारण उपरोक्त अनावेदक को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकरण सुनवाई दिनांक 25.05.2026 तक न्यायालय में उपस्थित होवें। नियत तिथी तक उपस्थित नहीं होने पर समाचार पत्र को नोटिस तामिली माना जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**मार्री बंगला देवरी**

---

**सूचना**

मै जागेश्वरी पति संजयकुमार पुंगाटी जाति गौड़ मोहला वार्ड नं .11 तहसील मोहला, जिला मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ पिन-491666 का निवासी हूं।

यह कि मेरे आधार क्रं. 85892384680 मेरे नाम जागेश्वर पुंगाटी पति संजय कुमार पुंगाटी गलत नाम दर्ज हो चुका है। मेरे वास्तविक नाम जागेश्वरी पति संजय कुमार पुंगाटी है।

यह कि मेरे वास्तविक नाम जागेश्वरी पति संजय कुमार पुंगाटी आधार कार्ड में सुधार करवाना चाहती हूं जिस किसीभी व्यक्ति को आपति करना है। 15 दिन के अन्दर आपति कर सकता है। सूचना जाने।

मोहला, दिनांक. 14.5.2026

**आवेदिका**
**जागेश्वरी**
मोहला, वार्ड नं .11 तहसील मोहला
जिला-मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी

---

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
3-6-7
679-2 479-0
राजधानी
2-5-8
190-0 128-1

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, कबीरधाम (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑनलाईन निविदाएं 'प्रपत्र-ए' में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये **DWSM, KABIRDHAM** की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव **DWSM** द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सूचना क्रमांक /दिनांक | निविदा सिस्टम क्रमांक | योजना का नाम एवं विकासखंड | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01/Dt. 13-05-2026 | 190890 | जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला- कबीरधाम में पेय जल योजनाओं का संचालन एवं संधारण विषय पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्य (72 बैच) (चतुर्थ आंमत्रण) | 05.05 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्राक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक **13.05.2026** से देखी जा सकती हैं। **निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : -26.05.2026**

जी- 262700732/1

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, कबीरधाम (छ.ग.)**

---

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक पुनऊ राम पिता मेहतर सिंग जाति-गोंड, निवासी ग्राम-कलकसा, गोपलिनचुवा मकान नं. 143, वार्ड नं.10, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर Dipak Kumar (दिपक कुमार) अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे पुत्र के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर DEEPAK KUMAR (दीपक कुमार) अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में Dipak Kumar (दिपक कुमार) अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर DEEPAK KUMAR (दीपक कुमार) अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान:-अं. चौकी
दिनांक:-13/05/2026

**आवेदक**
**पुनऊ राम**
निवासी ग्राम-कलकसा, गोपलिनचुवा
तह.-अं. चौकी, जिला-मो.मा.अं. चौकी

---

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक धनेश कुमार पिता-सदाराम जाति-यादव निवासी ग्राम-केसला, वार्ड नं. 01, तह.-अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर रूमेश कुमार यादव अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे पुत्र के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर रूमेश्वर अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में रूमेश कुमार यादव अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर रूमेश्वर अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें ।

स्थान:-अं. चौकी
दिनांक:-13/05/2026

**आवेदक**
**धनेश कुमार**
निवासी - ग्राम-केसला
तह.-अं. चौकी, जिला-मो.मा.अं. चौकी

---

**//ईश्तहार//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक पुरनसिंह पिता-बेदूराम जाति-हल्बा निवासी ग्राम-खमटोला, मकान नं. 12 वार्ड नं. 06 तह. मोहला, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491666 का निवासी हूं। जो कि मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर कुमारी रिया अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर रिया अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में कुमारी रिया अंकित हैं, उसे सुधार रिया अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान:-अं. चौकी
दिनांक:-13/05/2026

**आवेदक**
**पुरनसिंह**
निवासी ग्राम-खमटोला
तह. मोहला, जिला-मो.मा.अं. चौकी

---

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक डामेन्द्र पिता द्वारका जाति-हल्बा निवासी ग्राम-घोरदा, वार्ड नं. 15, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर टिवकल अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर टिंवकल कोरटिया अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में टिवकल अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर टिंवकल कोरटिया अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान:-अं. चौकी
दिनांक:-13/05/2026

**आवेदक**
**डामेन्द्र**
निवासी-ग्राम-घोरदा
तह. अं. चौकी जिला-मो.मा.अं. चौकी

---

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदिका ममता मार्गिया पति- स्व. दुर्गा प्रसाद जाति-हल्बा, निवासी ग्राम-तुमड़ीकसा मकान नं. 13, वार्ड नं.13, तह. अं. चौकी जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर EESHU KUMAR अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे पुत्र के नाम से जारी जन्मप्रमाण पत्र अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर Ishu Kumar अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में EESHU KUMAR अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर Ishu Kumar अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान:-अं. चौकी
दिनांक:-14/05/2026

**आवेदिका**
**ममता मार्गिया**
निवासी ग्राम-तुमडीकसा
तह. अं. चौकी जिला-मो.मा.अं. चौकी

# कलेक्टर ने ठीक से कार्य नहीं करने वाले कांट्रेक्टरों को ब्लैक लिस्ट करने के दिए निर्देश



**सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूर्ण करना करें सुनिश्चित**
**○ पीडब्ल्यूडी के कार्यों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग सेतु, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन एवं अन्य संबंधित विभागों को निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे कांट्रेक्टर जो ठीक से कार्य नहीं कर रहे हैं, उनको ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य तथा निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की। डोंगरगढ़ विकासखंड में सड़क निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर एसडीओ डोंगरगढ़ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन पुल-पुलिया के स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्य, जल संसाधन विभाग के जलाशय जीर्णोद्धार, नहर लाईनिंग कार्य के मरम्मत एवं सुधार का कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत डीएमएफ, शिक्षा मद, मुख्यमंत्री घोषणा, महिला एवं बाल विकास विभाग, महतारी सदन योजना सहित विभिन्न विकास निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पूर्ण कार्य तथा प्रगतिरत कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने यथाशीघ्र कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, समस्त निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार से हो रहे हैं गौवंश कट्टीपार : 4 मवेशियों सहित पकड़ाया कार



**गौसेवकों की सजगता से बचाए गए गाय और बछड**

डोंगरगांव (दावा)। शहर से लगे ग्राम अमलीडीह टोलागांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें गौवंशों से भरी एक कार पकड़ाया है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चार गौवंशों को इस कार में भरकर कट्टीपार के लिए ले जाया जा रहा था. वहीं गौसेवकों की सजगता के चलते इन दो गायों और दो बछड़ों को बचा लिया गया है. इस मामले में गौसेवकों ने डोंगरगांव थाने को सूचना दी और इस मामले में डोंगरगांव थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया है.

मिली जानकारी के अनुसार अमलीडीह के भाठापारा तालाब के पास कुछ ग्रामीणों की मिलीभगत से इस घिनोने काम को अंजाम दिया जा रहा था. 14 मई बुधवार की रात्रि करीब ढाई बजे गौसेवकों को सूचना मिली कि अमलीडीह टोलागांव में कुछ लोग गौवंशों को महाराष्ट्र नंबर प्लेट वाली गाड़ी क्रमांक एमएच 48पी0567 महेंद्रा एक्सयूवी 500 में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं. गौसेवकों को लगातार विगत कई दिनों से ऐसी घटना होने की शिकायतें मिल रही थी. वहीं बुधवार रात्रि में भी गौ तस्करों की प्लानिग थी, जिसे गौसेवकों ने ध्वस्त कर दिया. बताया जा रहा है कि गौ तस्करों के साथ आसपास के गांव के दो व्यक्ति प्लेटिना बाइक जिसका क्रमांक सीजी08बीजी1915 है, में तस्करों की मदद कर रहे थे. जब मौके पर गौ सेवक पहुंचे और 112 को कॉल कर सूचना दी लेकिन तब तक इन तस्करों को भनक लग गई और वे वाहन और गौवंशों को छोडक़र भाग गए. मौके पर डोंगरगांव पुलिस भी पहुंची और घटना में प्रयुक्त गौवंशों भरी कार को जब्त कर थाने लाया गया और दो गाय तथा दो बछड़ों को गनेरी गौशाला सुरक्षार्थ भेज दिया गया है. वहीं डोंगरगांव पुलिस ने इस मामले में धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर बाइक और कार नंबर व अन्य डिटेल्स से आरोपियों की तलाश कर रही है.

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में मातृ दिवस पर ऑनलाइन प्रतियोगिता, कविता-कहानी और इमोशनल वीडियो में बच्चों ने बिखेरी ममता की छटा



राजनांदगांव (दावा)। गर्मी की छुट्टियों के कारण स्कूल बंद रहा, मगर रॉयल किड्स कॉन्वेंट में अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस का जोश कम नहीं हुआ। स्कूल ने ऑनलाइन प्रतियोगिता कराई जिसमें बच्चों ने घर से माँ पर कविता पाठ, कहानी वाचन और माँ के साथ इमोशनल वीडियो बनाकर हिस्सा लिया।

बच्चों ने माँ के आँचल, त्याग और निस्वार्थ प्रेम को अपनी रचनाओं और वीडियो में पिरोया। कविता-कहानी के परिणाम एक साथ और वीडियो के परिणाम अलग से घोषित किए गए।

### कविता एवं कहानी प्रतियोगिता के परिणाम

नर्सरी में प्रथम-आदित्य कुमार मौर्य, द्वितीय-जय चक्रवर्ती, केजी-1 में प्रथम चैतन्य गायकवाड़, द्वितीय-प्रणय भोन्डेकर, फरहान अहमद, केजी-2 में प्रथम-चेतांशी साहू, द्वितीय-नैन्सी निर्मलकर, तृतीय-तेजस्वी वराडे, कक्षा-1 में प्रथम-रियांश साहू, द्वितीय-रिधिमा अग्रवाल, कक्षा-2 में प्रथम - शिव्या शुक्ला, मोनाली बांधव, द्वितीय-आरवी चंदन मेश्राम, तृतीय- प्रणिति निषाद, कक्षा-4 में प्रथम-आदित्य तिवारी, द्वितीय-अनन्या मंडाने, तृतीय-कुमकुम निषाद, आयुष वर्मा, कक्षा-5 में प्रथम-अविरल श्रीवास्तव, आरोही ठाकुर, द्वितीय-सरल माधवानी, प्रतिभा माधवानी, तृतीय-संकेत रजवानी, कक्षा-6 में प्रथम-मिरान खान, लहर माधवानी, अमल चौबे, द्वितीय-पूर्वांश सोनी, लक्ष्य कुमार, तृतीय-साहिल बंजारे, चिन्मय राव, कक्षा-7 में प्रथम-दक्ष चौबे, अनिरुद्ध चौबे, द्वितीय-नैन्सी जंघेल, तृतीय -लक्ष्य यादव, कक्षा-8 में प्रथम-लभांश्री श्रीवास्तव, द्वितीय-अंश नाहटा, तुष्टि साहू, तृतीय-दीक्षा साहू, कक्षा-9 में प्रथम-सिमोनी ढोक, द्वितीय-ईश्री मेश्राम, अनंत शुक्ला, तृतीय-ट्विंकल सिन्हा, भूमि वर्मा, कक्षा-10 में रेणुका साहू प्रथम रही।

### इमोशनल वीडियो प्रतियोगिता के परिणाम

नर्सरी में प्रथम-सात्विक साहू, केजी-1 में प्रथम-पुरंजय चौहान, मेधावी तिथि ठाकुर, द्वितीय-चयन ज्ञानचंदानी, केजी-2 में प्रथम-मान्या कोसरिया, द्वितीय-रॉक विश्वकर्मा, कक्षा-1 में प्रथम-शिवांश मंडहारे, द्वितीय-चेष्टा शर्मा, तृतीय-रियांश साहू, कक्षा-2 में प्रथम-हिमांशी साहू, रुशांक खंडेलवाल, तृतीय-ऋषभ साहू, कक्षा-3 में प्रथम-आरव गुप्ता, नीलाक्षी जंघेल, द्वितीय-दिव्यांका नंदवानी, कक्षा-6 में प्रथम-कृति खंडेलवाल, तृतीय-लक्ष्य कुमार, कक्षा-7 में शौर्य सिंह चौहान प्रथम रहे।

एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने कहा बच्चों ने छुट्टियों में भी माँ के प्रति अपने भावों को कविता, कहानी और वीडियो में जिस खूबसूरती से उतारा, वह देखकर मन भावुक हो गया। हमारा उद्देश्य बच्चों में संवेदना और सम्मान का भाव जगाना था। विजेताओं को स्कूल खुलने पर प्रार्थना सभा में पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। अभिभावकों ने स्कूल के इस ऑनलाइन प्रयास की सराहना की।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्षता डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती ईला सिंह बरसर आई के वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

# भाजपा के 'सुशासन' की खुली पोल: मोहारा सोसायटी में रात के अंधेरे में 1200 कट्टा सरकारी धान की चोरी, ग्रामीणों ने कोचिया की गाड़ी पकड़ी



राजनांदगांव (दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) के महामंत्री महेन्द्र यादव ने मोहारा सेवा सहकारी समिति में सामने आए धान चोरी के गंभीर मामले को भाजपा सरकार के तथाकथित 'सुशासन' पर करारा तमाचा बताया है। श्री यादव ने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार पूरे प्रदेश में ''सुशासन तिहार'' का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर मोहारा सोसायटी में समिति प्रबंधक द्वारा रात के अंधेरे में लगभग 1200 कट्टा सरकारी धान को कोचियों के माध्यम से बेचने का मामला उजागर हुआ है।

ग्रामीणों की सतर्कता से कोचिया की गाड़ी पकड़ी गई और सरकारी धान की खुली लूट का पर्दाफाश हुआ। उन्होंने कहा कि यह घटना साबित करती है कि भाजपा शासन में न किसान सुरक्षित हैं, न सरकारी संपत्ति। जिन अधिकारियों ने धान खरीदी के दौरान किसानों को संदेह की नजर से देखा, उनके घर-घर जाकर जांच की और उन्हें घंटों परेशान किया, वही अधिकारी आज सरकारी धान की चोरी पर मौन साधे हुए हैं। श्री यादव ने सवाल उठाया कि आखिर किसके संरक्षण में समिति प्रबंधक इतनी बड़ी हिम्मत कर रहे हैं? यदि प्रदेश की सभी समितियों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो ऐसे अनेक घोटाले सामने आ सकते हैं।

भाजपा सरकार के राज में भ्रष्टाचार और लूट अब संस्थागत रूप ले चुके हैं। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर श्री यादव ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीएम डोंगरगढ़ एवं खाद्य अधिकारी को दोषियों के विरुद्ध तत्काल और कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान अपनी खून-पसीने की कमाई से धान उपजाते हैं, लेकिन भाजपा सरकार में उन्हें पहले खाद-बीज संकट, फिर धान खरीदी की अव्यवस्था और अब सरकारी धान की चोरी जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों और ग्रामीणों के साथ मिलकर चक्का जाम किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर राजनांदगांव के नाम ज्ञापन मोहारा चौकी प्रभारी को सौंपा गया है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुरली वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंचराम चंदेल, दयालु वर्मा, मोरध्वज वर्मा, लोकनाथ भारती, संतोष वर्मा, रंजीत भारती, फत्तू वर्मा, परमेश्वर, ओमकार वर्मा, कन्हैया वर्मा, रामदयाल वर्मा, रोहित वर्मा, गोकुल, गेंदलाल, विष्णु, रेखराज, पतराम वर्मा, सुखराम वर्मा, नेमचंद, तरणलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# सनातन धर्म महिला मंडल के 'बूंद-बूंद अमृत प्याऊ घर' का उद्घाटन महापौर मधुसूदन ने किया



**संस्कारधानी के संस्कार एवं जन-जन के सहयोग से निरंतर 4 वर्षों से जारी प्याऊ सेवा**

राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुषमा सिंह, प्रदेश सचिव ममता शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा जिला अध्यक्ष ममता सोनी शहर अध्यक्ष अनुराधा लोहिया शहर संयोजक उषा खंडेलवाल शहर प्रभारी मधु खंडेलवाल ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव की सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार महिला मंडल द्वारा संचालित बूंद बूंद अमृत प्याऊ घर का दिनांक 11 मई संध्या गोधूलि बेला में 5:00 बजे रेलवे स्टेशन रोड के पास संपन्न हुआ। इस पुण्य सेवा कार्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर के जनसेवक मधुसूदन यादव (महापौर), संजय बहादुर सिंह (करणी सेवा के अध्यक्ष), शारदा तिवारी एवं आदरणीय करनैल सिंह के शुभ करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान गणपति एवं महादेव, जल देवता पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया गया। महापौर मधुसूदन यादव ने गिलास में जल भरकर जहांगीरों को पिलाया जल महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बूंद-बूंद अमृत प्याऊ घर राहगीरों एवं जन सामान्य की सुविधा के लिए सनातन धर्म महिला मंडल द्वारा प्रारंभ किया गया है प्राणी मात्र की सेवा ही माधव सेवा है। संजय बहादुर सिंह ने कहा कि जल सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं आपके द्वारा संचालित यह चतुर्थ वर्ष की सेवा त्याग तपस्या सेवा समर्पण की मिसाल सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार महिला मंडल है आपकी बूंद बूंद अमृत प्याऊ घर सेवा औरों के लिए प्रेरणाप्रद है समाजसेवी शारदा तिवारी में कहा कि जल की सेवा महापुण्य का कार्य है जल को अमृत तुल्य माना गया है आपकी सेवा ही उद्देश्य आपकी सेवा के उद्देश्य को दर्शाता है जिसे आज अमृत प्याऊ घर सेवा कार्य संस्था द्वारा संचालित किया गया हैं।

इस प्याऊ घर सेवा कार्य को सफल बनाने जिला मीडिया प्रभारी ममता अवस्थी, उपाध्यक्ष सविता जोशी, सचिव रंजना शर्मा, संगठन मंत्री मनीषा श्रीवास्तव, ज्योति खंडेलवाल कार्यकारिणी रचना मेनन, तोईशा बन्देले, अनीता सिंह सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के अमूल्य सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ रामावतार जोशी, संजय लड्ढा, संजय अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री सुषमा सिंह ने दी।

# ग्राम भंवरमरा में शांति भंग कर रहे आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुरगी चौकी पुलिस द्वारा ग्राम भंवरमरा में कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले आरोपी पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

सुरगी चौकी प्रभारी ढाल सिंग ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में जिले में अपराध की रोकथाम, नियंत्रण तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम भंवरमरा निवासी एक बुजुर्ग द्वारा पुलिस चौकी सुरगी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि ग्राम का कन्हैया उर्फ भुरू साहू द्वारा बार-बार वाद-विवाद एवं झगड़ा किया जाता है।

### रेत परिवहन के मामले झगड़ा-झंझट

पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही अविनाश सोनी द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई में शासन का सहयोग करने वाले ग्रामीणों से भी वाद-विवाद एवं मारपीट की जा रही है। घटना दिनांक को भी आरोपियों द्वारा विवाद कर शांति भंग की स्थिति उत्पन्न की गई। उक्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच एवं पूछताछ की गई। जिसमें पाया गया कि आरोपी कन्हैया उर्फ भुरू साहू एवं अविनाश सोनी द्वारा ग्रामीणों से विवाद कर कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने की स्थिति उत्पन्न की जा रही थी, जिससे संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल संभावना थी। इसे दृष्टिगत रखते हुए कन्हैया उर्फ भुरू साहू, पिता स्व. दुखू राम साहू, उम्र 40 वर्ष एवं अविनाश सोनी, पिता विजय आनंद सोनी, उम्र 33 वर्ष दोनों निवासी ग्राम भंवरमरा को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से जेल वारंट जारी किए जाने पर दोनों आरोपियों को जिला जेल में भेज दिया गया है।

# जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रहित में ईंधन संरक्षण एवं संसाधनों के संयमित उपयोग के लिए की गई अभिनव पहल



**○ जनसमस्या निवारण शिविर के लिए कलेक्टोरेट परिसर से बस हुई रवाना**
**○ कलेक्टर ने सभी से ईंधन संरक्षण हेतु अपना योगदान देने के लिए अपील की**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में ईंधन संरक्षण एवं संसाधनों के संयमित उपयोग को लेकर किए गए आह्वान के समर्थन के दृष्टिगत आज सुशासन तिहार के लिए छुरिया विकासखंड के ग्राम साल्हे में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के लिए कलेक्टोरेट परिसर से बस रवाना हुई। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देश पर ईंधन की बचत के मद्देनजर यह अभिनव पहल की गई। जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी बस के माध्यम से शिविर के लिए रवाना हुए। कलेक्टर ने सभी से ईंधन संरक्षण हेतु अपना योगदान देने के लिए अपील की है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रहित में वैश्विक ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के इस दौर में पेट्रोल-डीजल जैसे मूल्यवान संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने के लिए कारगर कदम उठाए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा वाहनों एवं अन्य सरकारी संसाधनों के मितव्ययीपूर्ण उपयोग के लिए यह पहल की गई है।

# धान उपार्जन केंद्र मोहारा में लाखों का गबन उजागर

**केंद्र प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर और खरीददार के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के सेवा सहकारी समिति मोहारा में अवैध धान परिवहन और गबन का एक बड़ा मामला सामने आया है। प्रशासन द्वारा की गई आकस्मिक जांच में 995.68 क्विंटल धान की अफरा-तफरी पाई गई है। जिसकी कुल कीमत 30 लाख 86 हजार 608 रूपए आंकी गई है। इस मामले में केंद्र प्रभारी सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई गई है।

अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर सहायक खाद्य अधिकारी द्रोण कामड़े एवं तहसीलदार डोंगरगढ़ अमीय श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त तहसीलदार सोनित मेरिया ने मोहारा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी संतोष वर्मा अनुपस्थित पाए गए। जांच दल ने मौके पर वाहन क्रमांक सीजी-08/एल 1049 को पकड़ा। वाहन चालक सुंदरलाल साहू ने बताया कि वह खैरी निवासी राजू वर्मा के निर्देश पर बिना किसी वैध दस्तावेज के समिति से धान लोड कर अवैध परिवहन कर रहा था। विभागीय आंकड़ों के मिलान से पता चला कि समिति ने कुल खरीदे गए धान में से 995.68 क्विंटल धान को कम परिदान (डिलीवरी) करते हुए उसे सूखत बता दिया था। वास्तव में इस धान को फर्जी तरीके से बचाकर अवैध रूप से बेचा जा रहा था। केंद्र प्रभारी और कर्मचारियों द्वारा निजी लाभ के लिए कस्टम मिलिंग नीति 2025-26 का उल्लंघन किया गया और शासन को 30.86 लाख रूपए से अधिक की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी धान उपार्जन केंद्र मोहारा संतोष वर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेदप्रकाश साहू एवं ग्राम खैरी निवासी अनाधिकृत खरीददार राजू वर्मा के विरूद्ध थाने में मामला दर्ज किया गया है। शासन की नीति के विरूद्ध कार्य करने वाले और धान की अफरा-तफरी में संलिप्त किसी भी कर्मचारी या व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
निविदा सूचना क्र. GEM/2026/B/ 7508063 /2026-28Publication दिनांक : 06/05/2026
कार्य : अपशिष्ट जल/सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की संपूर्ण प्रणाली का संचालन एवं रखरखाव; खुली निविदा; कार्यशील लेकिन AMC एवं वारंटी से बाहर इस कार्य हेतु 02 वर्ष की अवधि।
कार्य का अनुमानित मूल्य : रु. 3,61,986/- धरोहर राशि : शून्य अनुबंध की अवधि : 2 वर्ष (24 माह)
अधिक जानकारी के लिए कृपया श्राप् पोर्टल देखें। उक्त अनुबंध हेतु निविदा प्रक्रिया 06/05/2026 से प्रारंभ होगी तथा निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 27/05/2026 को 17.00 बजे तक है। निविदा 27/05/2026 को सायं 17.30 बजे खोली जाएगी।
वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता
AAA/16/61 द.पू.म. रेलवे, मोतीबाग, नागपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# इंजीनियर बनने के लिए पीईटी परीक्षा में बैठे 361 परीक्षार्थी



**○ शहर के दोनों महाविद्यालय में लगभग 100 परीक्षार्थी रहे उपस्थित**
**○ नहीं बने एक भी नकल प्रकरण**

राजनांदगांव (दावा)। गुरुवार को शहर के दोनों कालेज शास0 दिग्विजय महाविद्यालय और कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय में पी ई टी की परीक्षा आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं)के निर्देशानुसार शहर के दोनों परीक्षा केंद्रो में आयोजित पीईटी की परीक्षा में इंजीनियर बनने कुल 460 परीक्षार्थियों को बैठने थे लेकिन भीषण गर्मी के चलते दूर-दराज के परीक्षार्थियों को वक्त तक परीक्षा केंद्रों में पहुंच पाना नामुमकिन लगने से कुल 361 परीक्षार्थी पीईटी की परीक्षा में शामिल हो पाए। 99 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

बता दें कि व्यापमं द्वारा जिले में प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी) की प्रवेश परीक्षा का आयोजन जिले के दो केंद्रों में आयोजित किया गया था। जिसमें समन्वयक केंद्र शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय को बनाया गया था। गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक आयोजित इस परीक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्र के गेट सुबह साढ़े 9 बजे से बंद कर दिए गए थे। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं थी। इस परीक्षा के तहत इंजीनियर बनने का सपना साकार करने 460 परीक्षार्थियों को परीक्षा देने थे किन्तु कुल 361परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 99 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति रही।

समन्वयक केंद्र दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि उक्त पीईटी परीक्षा के लिए शहर में दो केंद्र बनाए गए थे जिसमें दिग्विजय कालेज समन्वयक केंद्र में 360 परीक्षार्थियों की जगह 278 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 82 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति रही। इसी तरह कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय में पीईटी परीक्षा का एक्जाम देने कुल 100 परीक्षार्थियों को बैठना था लेकिन 83 परीक्षार्थी शामिल हो पाए, 17 परीक्षार्थीयों की अनुपस्थिति रही।

बता दें कि इन दिनों पेपर लीक हो जाने की घटना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा दोनों परीक्षा केंद्रो में नकल रोकने से लेकर अन्य अवांछित गतिविधियों को रोकने पुख्ता इंतजाम किया गया था।

परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट लांच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, ईयरफोन सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाने की मनाही थी। इसके अलावा किसी भी प्रकार की लिखित अथवा मुद्रित, सामग्री परीक्षा केंद्रों में ले जाना वर्जित था। यहां तक कि परीक्षार्थियों को फूल बांह के कमीज पहनकर आने की मनाही थी। केवल हल्के व सरल कपड़े पहन कर आने तथा पारदर्शी बोतल में पानी लाने की अनुमति दी। इसी तरह परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षक एवं एफ एसटी टीमों की नियुक्ति की गई थी।जो परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे। प्रशासन द्वारा केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया था कि परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल, आवश्यक सुविधाएं एवं शांत वातावरण निर्मित हो ताकि पीईटी के परीक्षार्थी निश्चिंत हो कर परीक्षा दे सकें। उक्त कड़े इंतजाम के बीच दोनों केंद्रों में हुई पीईटी की परीक्षा के दौरान कही कोई अप्रिय स्थिति नहीं बन पाई और न कोई नकल प्रकरण बन पाया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
क्र. सं. 1. निविदा सूचना संख्या: C/01/NAG /2026-2027
काम का नाम: एडीईएन/टीएमआर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मेन और ब्रांच रूट पर लेवल क्रॉसिंग के लिए रोड सरफेस, विकेट गेट, स्पीड ब्रेकर लगाकर लेवल क्रॉसिंग को बेहतर बनाना।
अनुमानित निविदा मूल्य (रु.) : 1,69,10,136/- सुरक्षा राशि (रु.) : 3,38,200/-
क्र. सं. 2. निविदा सूचना संख्या: C/02/NAG /2026-2027
काम का नाम: (1) बीआरडी में नए सबस्टेशन पैनल रूम, स्टाफ रूम और स्टोर रूम का कंस्ट्रक्शन, (2) एडीईएन/टीएमआर के तहत टीएमआर में सबस्टेशन के इलेक्ट्रिकल पैनल रूम का एक्सटेंशन और (3) एडीईएन /टी आर./नागपुर के तहत कामठी सबस्टेशन में पैनल रूम, मीटर क्यूबिकल रूम का कंस्ट्रक्शन।
अनुमानित निविदा मूल्य (रु.): 96,95,338/- सुरक्षा राशि (रु.): 1,93,900/-
क्र. सं. 3. निविदा सूचना संख्या: C/03/NAG/ 2026-2027
काम का नाम: नागपुर डिवीजन: टीआरओ स्टेशन पर लिफ्ट का प्रोविजन।
अनुमानित निविदा मूल्य (रु.): 1,31,52,174/- सुरक्षा राशि (रु.): 2,63,000/-
ऊपर दिए गए निविदा के लिए, बोलीदाता अपने मूल/संशोधित बोलिया सिर्फ़ 02.06.2026 को 15.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। मैन्युअल ऑफ़र की इजाज़त नहीं है। जानकारी हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।
वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य)
AAA/15/57 द.पू.म. रेलवे नागपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

**कमाते रहो और तब तक कमाओ, जब तक महंगी चीज सस्ती न लगने लगे।**

## सम्पादकीय

# भारतीय अर्थतंत्र संकट के दौर पर

एक ओर, दावा किया जा रहा था कि सरकार अधोसंरचना अंतर्गत सतत् तेजी से सुविधाओं में वृद्धि कर रही है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था भारत बनने जा रहा है। अब, इस दावे के पीछे का सत्य बाहर आया है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरूण कुमार ने भारत के अर्थतंत्र बाबत भारी संकट के आने का संकेत किया है। जो सरकार के गुलाबी चित्र के पीछे का सत्य उजागर करता है। बकौल अरूण कुमार कि भारत का अर्थतंत्र दो भागों में बंटा हुआ है। इसमें एक संगठित क्षेत्र है, जो कारपोरेट और शेयर बाजार के विकास को दर्शाता है। दूसरा, असंगठित क्षेत्र है। जिस देश के लगभग 94 प्रतिशत श्रमिकों-लोगों को रोजगार देता है। यह निरन्तर संकट में रहता है। इसकी वास्तविकता को सरकार भलिभांति जानती है, किन्तु प्रकाश में नहीं लाती। अरूण कुमार शिक्षाविद् अर्थशास्त्री व्याख्यता हैं। उनके मतानुसार, सबसे बड़ा संकट ''मांग का सतत् कम होना''। आम जनता की आय में कमी आयी है और रोजगार भी कम हुवे हैं। ग्रामीण अर्थतंत्र और असंगठित क्षेत्र कमजोर हुवे हैं। बाजार में मांग घटने से उसका सीधा असर औद्योगिक उत्पादन पर पड़ा है। टर्नओवर और निवेश पर भी पड़ा है। यही कारण है कि दिखाई दे रही उच्च वृद्धि के बावजुद नौकरियों का सर्जन नहीं हुआ है। इसके बदले कर्मचारियों को नौकरी से हाथ भी धोना पड़ा है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, भारत में बढ़ती जा रही बेरोजगारी और असमानता बाबत् की चिन्ता वर्षो से हो रही है। नोटबंदी, जीएसटी और कोविड-19 की बीमारी से असंगठित क्षेत्र को हुवे नुकसान बाबत अनेक अर्थशास्त्रियों ने अनेक मरतबे चिन्ता व्यक्त की है। किन्तु, सरकार ने अपेक्षित ध्यान इस ओर नहीं दिया। किसानों और दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों पर सर्वाधिक असर हुआ है। छोटे व्यापारी और कुटीर उद्योग भी इससे अछुते नहीं हैं। अर्थशास्त्री अरूण कुमार का दावा है कि सरकारी आंकड़े वास्तविकता को छिपाते हैं। आंकड़ों से छेड़छाड़ भी होती है।

वास्तव में असंगठित क्षेत्र में जो कमी आयी है, उसे उचित रूप से उल्लेखित नहीं किया गया है। फलस्वरूप देश का आर्थिक चित्र केवल कागजों पर चित्रित किया गया है। जब कि, वास्तविक परिस्थिति इससे नितान्त अलग है। वर्तमान के हालात यह है कि शेयर बाजार रेकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। दूसरी तरफ, बेरोजगारी में वृद्धि हो रही है। आर्थिक परिवर्तन के कारण, भारत सहित वैश्विक स्तर पर लोग नौकरी से वंचित हो रहे हैं।

भारत में लगभग 80 लाख लोग मुफ्त राशन पर जीवनयापन कर रहे हैं। अगर, भारत का अर्थतंत्र हकीकत में मजबूत होता तो रोजगार व आय में यह परिवर्तन दिखाई देता। ग्रामीण अर्थतंत्र में सतत् कमी हो रही है। मांग सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती थी, वह अब तेजी से घट रही है। थोक मंहगाई की दर वर्तमान में पहली मरतबे 8.30 प्रतिशत हो गई है । लोगों की आय में बहुत कमी आयी है। जिससे मांग घटते जा रही है, क्रय शक्ति कम हो रही है। युवाओं की बेरोजगारी और कृषि का संकट कथित के विकास माडल और अर्थतंत्र के चित्र को धुंधला कर रहा है। अन्य अनेक अर्थशास्त्रियों ने भी चिन्ता व्यक्त की है।

सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, लघु अद्योग और रोजगार सर्जन में अधिकाधिक पूंजी निवेश करने की जरूरत है। असंगठित और ग्रामीण क्षेत्रों की आय में वृद्धि, उन्हे राहत देनें और श्रम-सृजन उद्योगों को प्रोत्साहन देना यह समय का महत्वपूर्ण तकाजा है। जब तक आम आदमी की क्रय शक्ति नहीं बढ़ेगी, तब तक आर्थिक वृद्धि केवल औपचारिक उपलब्धि ही रहेगी। भारतीय अर्थतंत्र एक ऐसे चरण में पहुंचा है, जहां नीति निर्माताओं को वास्तविकता की पहिचान कर के उचित कदम उठाना होगा। अरूण कुमार की यह चेतावनी वास्तव में सामाजिक क्षेत्र में आर्थिक असंतुलन के तेजी में हो रहे विकास के प्रति जागृति है। कहा जा रहा है कि, भारत युनाईटेड स्टेट्स में 2008 की मंदी से भी अधिक खतरनाक परिस्थिति का सामना कर रहा है।


# मोदी की सामयिक अपील

- ऊर्जा को बचाने के लिए वर्क फ्रॉम होम की अपील।
- एक साल तक सोना न खरीदें ताकि सोने के आयात में खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके
- ईंधन की भारी महंगाई के कारण वाहन का कम इस्तेमाल करें, मेट्रो का उपयोग करें और कारपूलिंग को बढ़ावा दें
- हर परिवार से खाद्य तेल की खपत में कटौती की अपील , ताकि देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके, किसान रासायनिक उर्वरक पर निर्भरता कम करें और प्राकृतिक खेती अपनाएं।
- विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी उत्पादों को दें प्राथमिकता, विदेश यात्रा टालें जिससे विदेशी मुद्रा की हो बचत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 10 मई को जनता से जो अपील की हैए उसे सामयिकए दूरदर्शी और राष्ट्रहित में माना जाना चाहिए। विरोधी दलों के नेता भले ही इस में राजनीति के पुट तलाशें जैसे कि राहुल गांधी ने सोने की खरीद न करने पर नाराजगी जताई है लेकिन इस समय की जरूरत सोना नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की सोच है। देश की जनता इस बात को अच्छी तरह से जानती है कि लगभग तीन वर्ष पहले जब रूस और यूक्रेन का युद्ध प्रारम्भ हुआ थाए उसी समय से ईंधन संकट प्रारम्भ हो गया था। यह संकट लगभग 11 सप्ताह पूर्व 28 फरवरी से उस समय और गहरा हो गया जब ईरान.इजरायल युद्ध में अमेरिका कूद पड़ा और ईरान ने दुनिया के सबसे व्यस्त ईंधन मार्ग स्ट्रेट ऑफहोर्मुज को बंद कर दिया। भारत ने ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखे और अमेरिका से भी मित्रता कायम रखी। इससे भारत ने एक तरफ रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदाए दूसरी तरफ भारत के तेल और गैस से भरे जहाज होर्मुज के रास्ते ही भारत पहुंच गये। इस बीच ऊर्जा संकट से पूरी दुनिया त्राहि.त्राहि करने लगी और इसकी आंच भारत तक भी पहुंची। मोदी सरकार ने इस अभूतपूर्व ऊर्जा संकट में देश की जनता को संकट का सामना नहीं करने दिया। पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतें आसमान पर पहुंच गयीं लेकिन भारत में चूल्हे भी जलते रहे और वाहन भी चलते रहे। हाँए तेल और गैस के भंडार अब कम हो रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जागरूक जनता से बहुत सामान्य सहयोग मांगा है। इससे सरकार को तैयारी का समय मिल जाएगा क्योंकि वैश्विक ऊर्जा संकट अभी समाप्त नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और महंगे ईंधन के बीच देशहित में एक अहम अपील की है। उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक साल तक सोना न खरीदनेए खाने के तेल की खपत कम करनेए अनावश्यक वाहन उपयोग घटाकर कारपूलिंग करने और विदेश यात्राएं टालने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री ने कहाए देशभक्ति सिर्फ जान देना नहीं बल्कि मुश्किल वक्त में जिम्मेदारी से जीना भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से



सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने मेट्रोए कारपूल अपनाने पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने वर्क फ्रॉम होम करने पर जोर दिया। इसके पीछे सीधा हिसाब है। दफ्तर आने.जाने में रोजाना लाखों लीटर पेट्रोल-डीजल जलता है। कॉर्पोरेट कंपनियाँ अगर हफ्ते में कुछ दिन भी वर्क फ्रॉम होम लागू करें तो ईंधन की खपत और आयात का बोझ दोनों कम हो सकते हैं। पीएम ने नागरिकों से अपील की है कि वे गैर जरूरी विदेश यात्राए विदेश में छुट्टियां मनाने और विदेशी शादियों से बचकर और घरेलू पर्यटन और भारत के भीतर समारोह आयोजित करके विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने में मदद करें।

पीएम मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है और हम हर साल करीब 59 अरब डॉलर यानी लगभग पांच लाख करोड़ रुपए का सोना बाहर से मंगाते हैं। सोने की कीमत और रुपए की कमजोरी के बीच सीधा रिश्ता है। सोना महंगा होता है तो रुपया और टूटता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों को मेड.इन.इंडिया और लोकल लेवल पर बनने वाले प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित कियाए जिनमें जूतेए बैग और सहायक उपकरण जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। भारतीय सामान खरीदने से आयात कम होगा और देश के उद्योग और रोजगार को फायदा मिलेगा।

पीएम मोदी ने किसानों से अपील कि वे रासायनिक खाद का उपयोग 50 प्रतिशत कम करेंए प्राकृतिक खेती अपनाएं और डीजल पंप की जगह सौर पंप लगाएं। भारत यूरिया की अपनी जरूरत का 25 प्रतिशतए फास्फेट का 90 प्रतिशत और पोटाश का पूरा 100 प्रतिशत विदेश से मंगाता है। 2023.24 में सिर्फ उर्वरक सब्सिडी का बोझ 1.75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यूरिया बनाने के लिए प्राकृतिक गैस चाहिए जो खुद आयात होती है। पश्चिम एशिया संकट में गैस महंगी हुई तो खाद महंगी हुई और सरकार की सब्सिडी और बड़ी। खाद का इस्तेमाल कम करें तो यह पूरी चेन टूटती है।

वैश्विक ऊर्जा मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 2 करोड़ बैरल कच्चे तेल का परिवहन होता है। जहाजों का आवागमन बंद होने से इस वैश्विक संकट का प्रभाव अभूतपूर्व रहा। ब्रेंट क्रूड की कीमत 70 डॉलर से बढ़कर 126 डालर प्रति बैरल हो गयी है। इसके परिणामस्वरूप दुनिया के कई देशों को असाधारण कदम उठाने पड़े। बांग्लादेश में ईंधन की राशनिंग हुई। श्रीलंका में चार दिवसीय कार्य सप्ताह के साथ फ्यूल पास जारी किये गये हैं। दक्षिण कोरिया ने पहली बार ईंधन मूल्य सीमा तय की है। जापान को अपना सबसे बड़ा रणनीतिक तेल भंडार उपयोग करना पड़ रहा है। इसके विपरीत भारत में कोई ईंधन राशनिंग नहीं हुई। देश भर में तेल व गैस की सुचारु आपूर्ति हो रही है। भारत भी अपने लगभग 88 फीसद कच्चे तेल के आयात के लिए इसी मार्ग पर निर्भर रहता है। भारत का लगभग 40 फीसद तेल आयात खाड़ी देशों से होता है। इस प्रकार हमारे देश को भी अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा। लेकिन इसको भारत सरकार ने खुद वहन किया। इसके चलते सरकार पर आर्थिक बोझ बड़ा है। पीएम ने जनता से अपना योगदान देने के लिए अपील की है जो देशहित में है। (हिफी)

## विचार सरिता

# जीवन सूत्र (प्राचीन ग्रंथों से): मन भटकने से रोकने हेतु बुद्धि को विवेक से करें स्थिर

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मन, बुद्धि (साथ में विवेक इसका परिष्कृत रूप), चित्त और अहंकार मिलकर अंतःकरण चतुष्टय का निर्माण करते हैं।

मनुष्य की पांच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं-श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, रसना और घ्राण।इन्हें बहिरिन्द्रियाँ भी कहा जाता है। इन इंद्रियों के द्वारा ही हमें बाहरी विषयों-शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध का ज्ञान होता है। अन्तरिन्द्रिय अर्थात अंतर इंद्री मन को भी कहा जाता है जिससे सुख-दुःख की अनुभूति होती है। वास्तव में पांच ज्ञानेंद्रियों के अलावा पांच कर्मेंद्रियां भी हैं-मुख, हाथ, पैर, विसर्जनांग तथा जननेंद्रिय। वास्तव में हमारे शरीर को बाहरी जगत से जोड़ने वाली और कर्मों के संचालन में सहायक इन दस इंद्रियों का स्वामी आत्मा है।

हमारा मन चंचल हैं और इंद्रियों के विषय इस मन को हर लेते हैं। इस मन को वापस प्राप्त करने के लिए विवेक को सक्रिय करने के बदले हम इंद्रियों को ही यह कार्य सौंप देते हैं। इंद्रियाँ तो मन का ही साथ देंगी और मनुष्य से मनमाना स्वेच्छाचार कराएंगी। अब हम सही कार्य कर रहे हैं या नहीं, इसके विश्लेषण के लिए बुद्धि सक्रिय होती है, तर्क करती है और सोच विचारकर किसी कार्य से होने वाली लाभ-हानि का निर्णय करती है।

जब बुद्धि ने लाभ-हानि का विश्लेषण प्रस्तुत किया तो हमारी एक और मानसिक क्षमता की अवस्था विवेक ही यह बता सकता है कि धर्म-अधर्म और नैतिकता की दृष्टि से यह कार्य उचित है या नहीं। विवेक आत्म पक्ष है। यह हृदय से जुड़ा है। बुद्धि ''कैसे'' पर ध्यान देती है और विवेक ''क्या'' पर। विवेक औचित्य पर ध्यान केंद्रित कर सकता है, बुद्धि नहीं।

मन भावनाओं, इच्छाओं और कल्पना से जुड़ा हुआ है। बुद्धि निर्णय, चिंतन, तर्क से संबंधित है। विवेक नैतिकता से संबंधित है। विवेक बुद्धि का परिष्कृत और उच्चतम रूप है। चित्त हमारी स्मृति, अनुभव और संस्कारों का भंडार है। इससे हम विवेकपूर्ण होते हैं। इससे हमें किसी फैसले में मदद मिलती है।

अहं से आपके स्व-निर्धारित व्यक्तित्व का निर्माण होता है और उसे आपकी स्व-स्वीकृति मिलती है। यह आपके कर्मों को आकार देने में कर्तापन का भाव रखते हुए जुड़ता है।

हमारे अस्थिर मन की स्थिरता इंद्रियों के विषयों के निग्रह पर निर्भर है, जिसके लिए विवेक की सहायता से बुद्धि स्थिर और ठहराव वाली बनती है तथा मन की गति को बाँध देती है।

अब इन सभी बातों को एक साथ, एक उदाहरण से समझते हैं। एक मनुष्य को रूपयों की जरूरत है और उसे एक स्थान पर अनायास कुछ रुपए रखे हुए मिलते हैं। उसका मन कहता है कि वह रुपये चुपचाप उठा ले। बुद्धि कहती है कि इसमें कोई हर्ज नहीं है। इससे तुम्हारी समस्या हल हो जाएगी। आपके चित्त में यह संचित है कि ईमानदारी यह है कि जो धन राशि हमारी नहीं है, उसे ग्रहण न किया जाए। अब आत्मतत्व विवेक सक्रिय होता है और यह निष्कर्ष निकलता है कि नहीं, इन पैसों को नहीं उठाना चाहिए, यह पाप है। अब हमारा अहं इस निश्चय को कार्य रूप में परिणत करता है और हम बिना पैसे उठाए आगे बढ़ जाते हैं।

**स्रोत श्लोक:-**

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने महायोद्धा अर्जुन से कहा है:-

तस्माद्यस्य महाबाहो निगृहीतानि सर्वशः।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता।।2/68।।

इसका अर्थ है, इसलिए हे महाबाहु अर्जुन! जिस पुरुष की इन्द्रियाँ सब प्रकार से इन्द्रियों के विषयों से निग्रह की हुई होती हैं, उसकी बुद्धि स्थिर होती है।

## सामयिक चर्चा

# ट्रम्प की तारीफ

जाने कब से
रोज-रोज ट्रम्प की बुराई करने वाले,
मोहन लाल ने आज जब
उन्ही ट्रम्प की तारीफ की,
तो उसने, कहयो के साथ
बानी को भी चकित कर दी।
उत्सुक बानी मोहन से मिले।
उसने कंधे पर हाथ रख बोले-
''क्या बात है मोहन!
कि तुम भी पलटीमार नेता
बनने लगे हो।
ट्रम्प के कट्टर आलोचक
आज उनके गुण गाने लगे हो?
मोहनलाल चिढ़ कर बोला-
''देखिए न चाचा जी!
बाबूजी जब भी घूमने
इन्दोर-भोपाल जाते हैं,
मुझको और वाइफ को
मतलब अपने बेटे और बहू को
कभी भी साथ नहीं ले जाते है।
अब आप आज की खबर पढ़िए-
डोनाल्ड ट्रम्प चीन दौरे पर गए
तो अपने बेटे और बहू को भी साथ ले गए।'
(गुरूवार 14 मई 2026)



गिरीश बख्शी



## कविता

# ॥परचा लीक॥

आंखी मां सजे हे डॉक्टर बने के सपना,
दिन-रात पढ़त हे उज्जर भविष्य बर अपना।
माई के दुआ अउ बाबू के आस,
लइका मन जोहत रहिन उज्जर सुवास।
कोनो नींद ला आंखी ले भगाइस,
कोनो अपन सुख-चैन गंवाइस।
किताब संग जिनगी ला जोड़ के,
चलत रहिन मंजिल ला मोड़ के।
फेर अचानक अइसन खबर आय,
परचा लीक के जहर फैलाय।
मेहनत करेइया मन रो डारिन,
अन्याय देख के मन भरमारिन।
''का अब मेहनत के मोल नई?''
ये सवाल उठिस हर कोनों मंय।
फेर हिम्मत कहिस धीरे-धीरे
''सच्चा रद्दा रुकथे नई रे.''
तूफान आही, बादर घेरही,
कभू-कभू किस्मत घलो फेरही।
हर चीज हमर बस म नइये,
जिनगी हर एक रंग दिखइये।
फेर ओ पढ़इया मन सुन लेव,
आसू पोंछ के फेर उठ लेव।
परचा लीक ले सपना नइ मरय,
मेहनत करे वाला कभू नइ हरय।
एक दिन मेहनत रंग लाही,
माई-बाबू के आंखी चमकाही।
संघर्ष के रद्दा
जेन अपनाही,
उही असली
डॉक्टर कहलाही।



पप्पू पौर्वात्य कलिहारी

### सु- दोकु क्र.038

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.037 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## कविता

# भाग्य और कर्म

भाग्य से कोई क्या-क्या हो जाता है।
कर्म से कोई कुछ भी न बन पाता है।।
कर्म रोता भाग्य को भाग्य कोसता कर्म को,
कर्म जागता सोते भाग्य।
सोते भाग्य को जगाता कौन,
यक्ष प्रश्न मुखर ये होता है....
भाग्य और कर्म में बड़ा कौन होता है।
कर्म श्रम से होता है।
श्रम सींचता भाग्य है।।
बिन भाग्य कर्म रोता है,
भाग्य क्या कर्म को रोता है।
कर्म भटकता दर दर है,
भाग्य आराम से सोता है।।
कर्म खोता मन और धन,
भाग्य देता है यूंही कर्मफल।
दिन रात परिश्रम करता कर्म,
सौभाग्य बिन कर्म ही देता फल।।
कई बार कर्म से जीवन का अंत ही हो जाता है।
करते करते कर्म साधना खाक में मिल जाता है।।
कर्म करूं या भाग्य धरूं,
कहां से अब मैं करूं शुरू।
कहते कर्म को भाग्य बलि-बलि जाता है।
कई बार क्यूं फिर हाथ खाली रह जाता है।।
नर का भाग्य कर्म है तो क्यूं बेबस सा नर है...
नर नहाता कर्म से फिर भी क्यूं हार जाता भाग्य से,
भाग्य जब इठलाता है कर्म नतमस्तक हो जाता है।
क्या भाग्य से भी कोई ऊपर होता है।।
क्या भाग्य भी कर्म को ढोता है..?



वीरेंद्र कुमार रंगारी
राजनांदगांव

## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आप किसी धार्मिक स्थान की यात्रा करेंगे। इस दौरान आप अपनी सेहत का ध्यान रखें। आपकी पदोन्नति या जॉब चेंज करने के लिए अवसर प्राप्त होंगे। आप नौकरी के मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

**वृष राशि**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा जिससे आपको राहत महसूस होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है,जल्द ही आप करियर में नया मुकाम हासिल होगा। आज नया काम शुरू करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिये। इससे आपको काम में मदद मिलेगी। साथियों के साथ आपका दिन अच्छा गुजरेगा। अपने कारोबार के खर्च के साथ-साथ निजी खर्च में बैलेंस बनाये रखें।

**मिथुन**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर विरोधी आपकी शिकायत कर सकता है। किसी नयी तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे। जो लोग संगीत या गायन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें किसी बड़ी जगह पर परफॉर्मेंस का मौका मिल सकता है। अचानक हुये धन लाभ से आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क**
आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ हो सकती है। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को जरूरी यात्रा करनी पड़ सकती है। अगर आप किसी नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा। खुद को फिट रखने के लिए आपको अपने रूटीन में योग को अवश्य शामिल करें।

**सिंह**
आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। जिससे दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको सतर्क रहने की जरूरत है। फास्ट फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आज आपके बिजनेस में दोगुना मुनाफा होने का योग बन रहा है। साथ ही आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का एक नया अवसर मिल सकता है और बड़ी डील बहुत ही सोच समझ कर ही करें।

**कन्या**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम करके गुजारेंगे। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे। आपको काम में कुछ नये लोगों के साथ साझेदारी करने का मौका मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। थोड़ी मेहनत से आपको किसी बड़े धन लाभ का अवसर मिल सकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए कुछ नया अनुभव लेकर आएगा। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा रहेगी, लेकिन शाम तक सारा काम अच्छे से निपट जायेगा। आज आपका जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा। बच्चे आज आपसे मन की बात बता सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमाने का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**धनु**
आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आपको अचानक कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको वर्षो से तलाश थी। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके बिजनेस में बढ़ोतरी होगी।

**मकर**
आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको एक नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आपको माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं। आज आपको शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को तरक्की के नये अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, साथ ही आज आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी। ऑफिस में आपके अच्छे काम को देखकर जूनियर आपकी ज्यादा इज्जत करेंगे। जो लोग मार्केटिंग के फील्ड से जुड़े हैं।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना चाहिए और आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है। आप किसी मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं, आपकी दोस्ती मजबूत होगी।

# पूर्व पार्षद को जेल में बंद करने के विरोध में अनशन पर बैठे कांग्रेसी, देर रात मिली जमानत

### मामला - सुशासन तिहार के तहत शिविर में पहुंचे अधिकारियों व कर्मचारियों को वार्डवासियों द्वारा बंधक बनाने का



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय राज चौहान ने शासन प्रशासन पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए बताया कि, वार्ड नंबर 6 के पूर्व पार्षद कृष्ण लिल्हारे को सुशासन तिहार के दौरान नगर पालिका द्वारा लगाए गए शिविर में अधिकारीयो व कर्मचारियों को बंधक बनाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल दाखिला कर दिया गया था। इसके विरोध में कांग्रेसियों द्वारा तहसील कार्यालय के भीतर आमरण अनशन किया गया। अन्ततः देर रात कृष्णा लिल्हारे को जमानत दे दी गई। सहयोग करने वाले सभी साथियों का आभार व्यक्त किया गया है।

ज्ञात होवे कि, प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के तहत नगर पालिका द्वारा इंदिरा नगर वार्ड नंबर 5 में समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। वार्ड वासी वर्षों से लंबित पट्टा बनाने की मांग को लेकर पुनः अधिकारियों के समक्ष पहुंचे थे। अधिकारियों द्वारा उचित जवाब नहीं मिलने पर वार्ड पार्षद श्रीमती प्रति चमन के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने शिविर में आए अधिकारी व कर्मचारियों को बंधक बना लिया था। इसके विरोध में नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड पार्षद और वार्ड वासियों के विरुद्ध थाना डोंगरगढ़ में एफआईआर दर्ज किया गया। मामले की विवेचना पुलिस द्वारा की जा रही है। इस बीच वार्ड नंबर 6 के पार्षद को प्रमुख आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर जेल दाखिला दे दिया गया था। जिसके विरोध में कांग्रेस जनों द्वारा तहसील कार्यालय के भीतर आमरण अनशन किया गया था।

पुलिस के अनुसार, 13 मई 2026 को आयोजित सुशासन तिहार शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरानम काम में बाधा डालने की शिकायत नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक महेंद्र करसे ने दर्ज कराई है। एफआईआर में कहा गया है कि पट्टा वितरण की मांग को लेकर वार्ड पार्षद प्रीति चमन समुंद्रे अपने समर्थकों के साथ शिविर स्थल पहुंचीं और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों और अधिकारियों को सांस्कृतिक भवन के भीतर बंद कर बाहर से ताला लगा दिया गया। इतना ही नहीं, शिविर स्थल का बिजली कनेक्शन भी काट दिया गया, जिससे कार्यक्रम बाधित हो गया। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी और अन्य दस्तावेजों को भी नष्ट करने का प्रयास किया गया। डोंगरगढ़ थाना पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 127(2), 221, 324(2) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित पक्षों से पूछताछ की तैयारी की जा रही है।

# महा-स्वच्छता अभियान 2026, स्वच्छता अपनाने डोर-टू-डोर प्रचार

### स्वच्छता दीदीयां घर में ही सुखा एवं गीला कचरा अलग करने लोगों को कर रही जागरूक



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ शासन द्वारा छत्तीसगढ महा-स्वच्छता अभियान 2026 अंतर्गत स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधिया संचालित करने तथा लोगो को स्वच्छता से जोडने, अभियान चलाने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में साफ सफाई में जोर देकर गुणात्मक सुधार लाने साफ सफाई के अलावा डोर टू डोर कचरा संग्रहण के तहत स्वच्छता दीदीया अलग अलग डस्टबिनो में कचरा पृथककरण करने व स्वच्छता के लिये जन जागरूकता अभियान चला रहे है।

स्वच्छता अभियान अंतर्गत नागरिको को स्वच्छता से जोडने की कडी में 3 मई को आयोजित मस्ती की पाठशाला में बडी संख्या में उपस्थित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो को महापौर श्री यादव ने स्वच्छता अपनाने, घर के आस पास साफ सफाई रखने, गीला सुखा कचरा अलग अलग रखने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने के संबंध में शपथ दिलाई। साथ ही 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महापौर ने महिलाओ से स्वच्छता से जुडने घर में ही गीला सुखा कचरा अलग अलग कर स्वच्छता दीदीयो को देने अपील किए। वही महापौर एवं आयुक्त के द्वारा समय समय पर वार्ड विजीट के माध्यम से सफाई में गुणात्मक सुधार लाने, सफाई कर्मियो को निर्देशित करने के अलावा नागरिको को स्वच्छता से जुडने समझाईस दे रहे है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत वार्डो में घर घर डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण के तहत स्वच्छता दीदीया अलग अलग डस्टबिनो में कचरा पृथककरण करने व स्वछता के लिये जन जागरूकता अभियान चला रहे है। उनके द्वारा समझाईस दी जा रही है कि हरा गीला एवं सुखा नीला डिस्टबिन में रखने शहरवासियों को आदत डालनी पडेंगी। इससे एक तरह से जहॉ शहर से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन होगा। वही वेस्ट से वेल्थ की ओर बढने पर निगम की आय में वृद्धि होगी। इसके अलावा स्वच्छता दीदीया व एसएलआरएम सेन्टर के सुपरवाईजर सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग रखने, व्यवाहर में परिवर्तन लाने अभियान चला रहे है। स्वच्छता दीदीयों द्वारा हरा एवं नीला डस्टबिन में क्या क्या कचरा रखना है, इसकी जानकारी देने के साथ साथ घर में ही याने स्त्रोत पर ही कचरे का पृथककरण करने जानकारी दे रही है।

# त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिये अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व


राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के कार्यों के संपादन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर आवश्यक दायित्व सौंपा है।

जारी आदेश अनुसार अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय को निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र, मतगणना प्रभारी, कानून एवं आवश्यक सुरक्षा (पुलिस बल) व्यवस्था, आदर्श आचरण संहिता (एमसीसी), सम्पत्ति विरूपण, जोनल (सेक्टर) अधिकारी की नियुक्ति, सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति, यातायात व्यवस्था का दायित्व सौंपा है। अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा एवं जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन श्रीमती रश्मि सिंह को जाबो कार्यक्रम एवं निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार, मतदान दल गठन, कार्मिक कल्याण, मानव संसाधन, अवकाश की स्वीकृति, का दायित्व सौंपा गया है।

नजूल अधिकारी राजनांदगांव को निर्वाचन हेतु समस्त लेखन सामग्री, फॉर्म, लिफाफे, निर्वाचन सामग्री आदि की व्यवस्था कर संबंधितों को प्रदाय करना एवं समस्त स्टोर संबंधी कार्य तथा मतपेटी व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल एवं तहसीलदार राजनांदगांव प्यारेलाल नाग को रूट चार्ट तैयार करना, मतपत्र प्रुफ रीडिंग, निर्वाचन नामावली की चिन्हित प्रति तैयार करना, कम्यूनिकेशन प्लान तैयार करना, निर्वाचन हेतु मतपत्रों की जानकारी प्राप्त करना, मतपत्र मुद्रण कराना, कंट्रोल रूम, शिकायत सेल, नाम निर्देशन हेतु आवश्यक समस्त प्रपत्र एवं लेखन सामग्री, सामग्री वितरण-वापसी व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी संतोष सिंह को आईटी से संबंधित कार्यों, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल को निर्वाचन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करना, मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देना, अन्य प्रशिक्षण एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव एसके चौरसिया को सभी जनपद पंचायतों के लिए स्ट्रांग रूम एवं सामग्री वितरण-वापसी के लिए बैरीकेटिंग आदि संबंधी कार्य तथा सहायक अभियंता विद्युत यांत्रिकी (लोक निर्माण विभाग) राजनांदगांव श्री विजय डेहरिया को आवश्यक विद्युत व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है।

# नीरज विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, अवनि पाण्डेय प्रथम




डोंगरगांव (दावा)। नीरज विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा (कक्षा 12वीं) वर्ष 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विद्यालय परिसर में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण रहा। विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का सकारात्मक परिणाम इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इस वर्ष विज्ञान संकाय में विद्यालय की छात्रा अवनि पाण्डेय आत्मजा देवेन्द्र पाण्डेय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छात्र कृष्णा खंडेलवाल आत्मज संदीप खण्डेलवाल ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान स्थान एवं तान्या साहू आत्मजा भारत लांल साहू 80.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विद्यार्थियों की उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय रही।

कामर्स विषय में विद्यालय की छात्रा उपसना निर्मलकर आत्मजा रामानंद निर्मलकर 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान छात्र हिमांशु जैन आत्मज राजेश जैन 83.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं ईशिका अग्रवाल आत्मजा शरद अग्रवाल 81 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित अध्ययन वातावरण एवं विद्यार्थियों की लगन का परिचायक है।

विद्यालय के प्राचार्य जीवेश द्विवेदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की सफलता उसके निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी समर्पण एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं नैतिक विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक नीरज बाजपेयी ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन एवं जीवन मूल्यों के विकास पर भी विशेष ध्यान देता है। उन्होंने सभी वि?द्यार्थियों को जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।


कार्यकारी निदेशक पुष्पा बाजपेयी ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों की निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार विद्यार्थियों को सदैव सकारात्मक एवं प्रेरणादायी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहता है।

# त्रि-स्तरीय पंचायतों के उपनिर्वाचन हेतु रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के निर्वाचन कार्य के लिए जनपद पंचायतवार अधिकारियों को रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है।

जारी आदेश अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत सरपंच व पंच पद के निर्वाचन कार्य हेतु तहसीलदार राजनांदगांव श्री प्यारे लाल नाग को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नायब तहसीलदार राजनांदगांव राकेश नागवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव श्री मनीष साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत पंच पद के निर्वाचन कार्य हेतु तहसीलदार डोंगरगढ़ अमीय श्रीवास्तव को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ चिराग रामटेके एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ श्रीमती भगवती साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य व पंच पद के निर्वाचन कार्य हेतु तहसीलदार डोंगरगांव कमल किशोर साहू को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नायब तहसीलदार डोंगरगांव सत्यपाल सिंह यादव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव श्रीमती रोशनी भगत टोप्पो को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत पंच पद के निर्वाचन कार्य हेतु तहसीलदार छुरिया श्रीमती आकांक्षा साहू को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नायब तहसीलदार राजनांदगांव गंगाधर राव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया होरीलाल साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

# भोलापुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृट



छुरिया (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोलापुर में वर्ष 2025-26 में आयोजित छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा परिणाम गत वर्ष से बेहतर रहा। परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए संस्था के प्राचार्य, कमलेश्वर देवांगन ने बताया कि इस वर्ष हाई स्कूल परीक्षा (दसवीं) में कुल दर्ज संख्या 68 में 65 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 19, द्वितीय श्रेणी में 43, तृतीय श्रेणी में 03 और 01 परीक्षार्थी पूरक व 01 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहा। अंतिम परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। जिसमें कुमारी ओमेश्वरी पिता महेंद्र कुमार ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, जगेंद्र पिता बलराम साहू ने 86 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और पूनमचंद पिता चिंतानंद ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हायर सेकेंडरी परीक्षा(12 वी ) कला संकाय में 73 प्रतिशत अंक लेकर कुमारी तन्नू सेन पिता नरेश सेन ने प्रथम स्थान, 70 प्रतिशत अंक लेकर निखिल पिता राज विलास ने द्वितीय स्थान और 69 प्रतिशत अंक लेकर कुंदन पिता फगुआ राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में 69 प्रतिशत अंक लेकर गुलेश्वरी पिता धर्मदास ने प्रथम स्थान, 67 प्रतिशत अंक लेकर कुमारी मधु पिता प्यारेलाल ने द्वितीय स्थान और 67 प्रतिशत लेकर कुमारी खिलेश्वरी पिता तीजू राम तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में 89 प्रतिशत अंक लेकर युवराज पिता ओमलाल ने प्रथम स्थान, 82 प्रतिशत अंक लेकर कुमारी पुष्पा राजपूत पिता अंबर सिंह ने द्वितीय स्थान और 80 प्रतिशत अंक लेकर रमेश कुमार पिता नियोगी राम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। अंतिम परीक्षा परिणाम कुल दर्ज 87 में 80 उत्तीर्ण, 03 पूरक और 04 अनुत्तीर्ण रहे।

परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष शीशपाल साहू, सरपंच चमेली बाई ठाकुर, उप सरपंच खोमेश साहू, रुखम पाण्डेय, मोहित सिन्हा, लखन साहू, पोखन साहू, कालूराम बंजारे, मनबोध चतुर्वेदी, गोपी देवांगन, हेम साहू, टीकम देवांगन, तेजूराम विश्वकर्मा ,नंदलाल धनगावी यसवंत पावर, विष्णु साहू, टेकराम साहू, हृदयराम साहू संस्था के शिक्षकगण रमेश मंडलोई, योगिता मंडलोई, रामेश्वर नेताम, गौतम साहू, लक्ष्मी नारायण सिंह, कन्हैया टेमरे, उर्वशी साहू, वर्षा बोरकर, नेहा त्रिपाठी, नेहरू लाल बंजारे, देविका देवांगन, तारिणी नायक, ओंकार सिंह सलामे आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जिले के 8555 कृषकों द्वारा समितियों के माध्यम से 2843 मीट्रिक टन खाद का उठाव किया गया



संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति किसानों का बढ़ रहा रूझान

राजनांदगांव (दावा)। उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष खरीफ में धान सहित दलहन-तिलहन फसलों में परम्परागत खाद के साथ वैकल्पिक खाद एवं नैनो यूरिया व डीएपी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए समितियों एवं निजी क्षेत्रों में खरीफ पूर्व तैयारी के दृष्टि से वर्ष हेतु 68690 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। जहां सहकारी एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर जिले में कुल 40670 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। जिसमें 16190 मीट्रिक टन यूरिया, 4195 मीट्रिक टन डीएपी, 10242 मीट्रिक टन एनपीके, 3447 मीट्रिक टन एमओपी एवं 6596 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद उपलब्ध हैं। जो गतवर्ष इसी अवधि की तुलना से 82 प्रतिशत अधिक है। सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को लगातार खाद वितरण किया जा रहा है। जिले में 8555 किसानों को खाद प्रदाय किया जा चुका हैं। जिसमें 1174 मीट्रिक टन यूरिया, 324 मीट्रिक टन डीएपी, 715 मीट्रिक टन एनपीके, 211 मीट्रिक टन एमओपी एवं 419 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद किसानों को आगामी खरीफ फसलों हेतु वितरण किया जा चुका है।

मिश्रित उर्वरकों के प्रति एकड़ उपयोग हेतु कृषि विभाग द्वारा सभी समितियों में कृषि वैज्ञानिकों के सलाह अनुसार तैयार किए गए खाद की मात्रा का पोस्टर व पॉम्पलेट वितरण कर किसानों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें किसान 1 एकड़ धान फसल हेतु डीएपी के स्थान पर दो बोरी एनपीके खाद जैसे 12 : 32 : 16, 20 : 20 : 0 : 13, 16 : 16 : 16, 24 : 24 : 0 एवं 28 : 28 : 0 का उपयोग कर यूरिया की खपत को कम कर सकते हैं। जैसी उपयोगी सलाह किसानों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। डोंगरगांव विकासखंड के सेवा सहकारी समिति, खुर्सीपार में खाद का उठाव करने वाले किसान श्री मेहरूराम पटेल तथा सेवा सहकारी समिति मड़ियान के किसान श्री टुमेश साहू द्वारा बताया गया कि यूरिया, डीएपी और एमओपी को अलग-अलग लेने के स्थान पर इस बार मिश्रित खाद के रूप में यूरिया और एनपीके खाद का उठाव उनके द्वारा किया गया है। जिससे धान में प्रति एकड़ लगने वाले पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा मिल जाती है और फसल की बुवाई के समय भी उपयोग करना बहुत आसान है। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति घुपसाल के किसान श्री हेमलाल द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा यूरिया, डीएपी के ज्यादा मात्रा के स्थान पर 20.20.0.13 जैसे वैकल्पिक खाद को पसंद कर रहे है, जिससे नत्रजन और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व एक साथ पर्याप्त संतुलित मात्रा में प्राप्त हो जाते है। उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने सभी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं से अपील करते हुए कहा है कि किसानों को उर्वरकों के उठाव में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मात्रा के अनुसार पॉश मशीन के माध्यम से नियमानुसार उर्वरकों का वितरण एवं जानकारी का संधारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनावश्यक खाद की कालाबाजारी को रोका जा सके।

# घुमका चुनाव: भाजपा ने कसी कमर



तैयारी में जुटा संगठन, मोर्चे पर डटे कार्यकर्ता

घुमका (दावा)। नवगठित घुमका नगर पंचायत में निर्वाचन के लिए एक जून को होने वाले चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी कमर कस ली है। यंहा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की टीम अपने अपने मोर्चे में तैनात हो गई है। इसके अलावा संगठन स्तर पर लगातार बैठकें, फीडबैक और समीकरण साधने की कवायद जारी है। मंगलवार को दुर्ग ग्रामीण के विधायक और घुमका चुनाव प्रभारी ललित चंद्राकर राजनांदगांव जिले के संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा जी एवं तेलघानी आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र साहू जी ने जिला भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं टिकट के दावेदारों और समर्थकों की बैठक ली। बैठक में चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने स्तर पर तैयारी करने को कहा। साथ ही स्पष्ट किया कि टिकट वितरण का अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान करेगा।

बैठक में यह भी कहा गया कि पार्टी का लक्ष्य हर हाल में जीत हासिल करना है, इसलिए जिसे भी टिकट मिले, उसे सभी को साथ लेकर चुनाव लड़ना होगा। इस दौरान सभी ने एक स्वर में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का प्रण लिया। घुमका चुनाव के संयोजक मधुसूदन यादव जी ने बताया कि घुमका को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बना दिया गया है। बीते निकाय चुनाव के दौरान इसे आम चुनाव में शामिल नहीं किया जा सका था। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत घुमका में 15 वार्ड पार्षद और अध्यक्ष के लिए 1 जून को चुनाव होंगे। जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, स्टेडियम समिति के सचिव रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश गांधी, जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, डिकेश साहू, घुमका के संगठन प्रभारी अमर ललवानी, सह प्रभारी मूलचंद भंसाली, घुमका मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, महामंत्री ललित साहू, जनक साहू, जागेश्वर साहू, महेश यादव, केशव जंघेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बड़ी उपलब्धि- जिले को मिला पहला जेड गोल्ड सर्टिफिकेशन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की प्रतिष्ठित संस्था एस.के. इंडस्ट्रीज को भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा जेड गोल्ड सर्टिफिकेशन से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि जिले के उद्योग क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

यह प्रमाणपत्र एमएसएमई जेड सर्टिफिकेट स्कीम के अंतर्गत प्रदान किया गया है, जो उद्योगों में गुणवत्ता, पर्यावरण संरक्षण एवं आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देता है। इस उपलब्धि को प्राप्त करने में सौरभ कुमार पांडेय, जो किएमएसएमई जेड फेसिलिटेटर हैं, का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। उनके प्रयासों से उद्योग को यह महत्वपूर्ण प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि यह उपलब्धि आपकी विनिर्माण उत्कृष्टता, उच्च गुणवत्ता मानकों और पर्यावरण के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# वार्ड नं. 46 में महतारी वंदन योजना का शिविर, ई-केवाईसी के लिए उमड़ी महिलाओं की भीड़



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का लाभ हर पात्र महिला तक पहुँचाने के लिए शहर में सक्रियता बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 46, तेली पारा स्थित अम्बेडकर भवन में विशेष शिविर लगाया गया। यहां बड़ी संख्या में पहुँची महिलाओं ने अपना ई-केवाईसी अपडेट कराया, ताकि योजना की राशि बिना किसी रुकावट के उनके बैंक खातों में आती रहे।

### स्पॉट सेटलमेंट - मौके पर ही समस्याओं का हुआ निराकरण

शिविर की खास बात यह रही कि यहां केवल दस्तावेज जमा नहीं किए गए, बल्कि महिलाओं की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। तकनीकी दिक्कतों के कारण जिन महिलाओं का ई-केवाईसी अटका था, उन्हें मार्गदर्शन देकर प्रक्रिया पूरी कराई गई। महिलाओं की भारी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि योजना को लेकर जमीनी स्तर पर खासा उत्साह है।

आयोजक बोले-कोई भी पात्र हितग्राही न छूटे, यही लक्ष्य

शिविर के आयोजक भाजयुमो जिला मंत्री सुनील सेन ने कहा कि हमारा उद्देश्य सरकार की योजनाओं को सरल और पारदर्शी तरीके से अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि कई बार जानकारी के अभाव में जरूरतमंद लाभ से वंचित रह जाते हैं, ऐसे शिविरों के माध्यम से हम उनकी बाधाएं दूर कर रहे हैं। इस अभियान में माधव साहू (माधव ग्राहक सेवा केंद्र), शैलेन्द्र सिंह, तीरथ साहू, विनोद यादव, टिकेश्वर राजपूत (टिंकू) सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तरुणा दीदी एवं देवकुमारी दीदी ने सक्रिय योगदान दिया।

# पहला कॉलम...

## महंगाई की मार : दूध के बाद अब सीएनजी भी हुई महंगी

मुंबई। मुंबई महानगर क्षेत्र में अब सीएनजी से सफर करना महंगा हो गया है। महानगर गैस लिमिटेड ने ष्टहत्र की कीमत में 2 प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें लागू होने के बाद मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई समेत पूरे स्व्क्र में ष्टहत्र अब 84 प्रति किलोग्राम मिलेगी। इससे पहले इसकी कीमत ?82 प्रति किलोग्राम थी।

कंपनी के अनुसार, बढ़ती इनपुट कॉस्ट और मौजूदा बाजार परिस्थितियों के चलते यह फैसला लिया गया है। स्व्रुने बयान जारी कर कहा कि वैश्विक स्तर पर गैस की बढ़ती कीमतें, पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल के दाम में उछाल और रुपये में कमजोरी के कारण गैस खरीद की लागत काफी बढ़ गई है। साथ ही महंगे गैस स्रोतों पर निर्भरता भी लागत बढ़ाने की बड़ी वजह बनी है।

दाम बढ़ने के बाद ऑटो-रिक्शा यूनियनों ने किराया बढ़ाने की मांग तेज कर दी है। यूनियनों का कहना है कि लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों से ड्राइवरों की आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने बेस किराए में कम से कम ?1 की बढ़ोतरी की मांग रखी है।

MMR में करीब 12.8 लाख वाहन ष्टहत्र पर चलते हैं। इनमें लगभग 5 लाख ऑटो-रिक्शा और 1.6 लाख से अधिक टैक्सियां शामिल हैं। रिक्शा चालकों का कहना है कि नई कीमतों के बाद ऑटो चलाने की लागत ?18 प्रति किलोमीटर से अधिक पहुंच गई है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि बढ़ते खर्च को देखते हुए जल्द ही किराए में संशोधन किया जा सकता है।

हालांकि, स्व्रुका दावा है कि नई दरों के बावजूद ष्टहत्र अब भी पेट्रोल और डीजल के मुकाबले किफायती ईंधन है। कंपनी के एक अधिकारी के मुताबिक, ?84 प्रति किलोग्राम की नई कीमत पर भी CNG, पेट्रोल की तुलना में करीब 44त्न और डीजल के मुकाबले लगभग 7त्न तक सस्ती है।

## भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुला, फार्मा और मेटल स्टॉक्स में तेजी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में मजबूती के खुला। सुबह 9.20 पर सेंसेक्स 354 अंक या 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 74,963 और निफ्टी 146 अंक या 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,554 पर था। शुरुआती कारोबार में बाजार में तेजी का नेतृत्व फार्मा, हेल्थकेयर और मेटल शेयर कर रहे थे। सूचकांकों में निफ्टी फार्मा, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी मेटल टॉप गेनर्स थे। निफ्टी एनर्जी, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी पीएसई, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी ऑयल एंड गैस के साथ करीब सभी सूचकांक हरे निशान में थे।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी के साथ कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 395 अंक या 0.66 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,560 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 89 अंक या 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,083 अंक पर था। सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, सन फार्मा, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक,भारती एयरटेल, टाटा स्टील, आईटीसी, एलएंडटी, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, बीईएल, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति सुजुकी गेनर्स थे। एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टीसीएस और टेक महिंद्रा लूजर्स थे। ज्यादातर एशियाई बाजार तेजी के साथ खुले थे। टोक्यो, हांगकांग, बैंकॉक और सोल हरे निशान में थे, जबकि शंघाई लाल निशान में था। विदेशी संस्थागत निवशक (एफआईआई) शुद्ध विक्रेता बने हुए हैं और बुधवार को इक्विटी में 4,703.15 करोड़ रुपए की बिकवाली की। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) ने इक्विटी में 5,869.05 करोड़ रुपए का निवेश किया। कच्चे तेल में तेजी जारी है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 101 डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ 106 डॉलर प्रति औंस पर था।

## सोने की चमक बढ़ी, चांदी में आई 0.75 प्रतिशत की गिरावट

मुंबई। सोने और चांदी में गुरुवार के शुरुआती सत्र में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। एक तरफ सोने में तेजी बनी हुई थी। वहीं, चांदी लाल निशान में थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 396 रुपए या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,62,638 रुपए पर था। अब तक के कारोबार ने सोने ने 1,63,055 रुपए का उच्चतम स्तर और 1,61,027 रुपए का न्यूनतम स्तर बनाया है। सोने के उलट चांदी में कमजोरी देखी जा रही है। चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 2,238 रुपए या 0.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,98,000 रुपए पर था। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,94,450 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,99,000 रुपए का उच्च स्तर बनाया है। सोने की अपेक्षा चांदी में गिरावट की एक वजह मुनाफावसूली को भी माना जा रहा है, जो कि बुधवार के सत्र में 3,00,000 लाख रुपए के पार निकल गई है। अंतरराष्टीय बाजारों में भी सोने और चांदी में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। कॉमेक्स पर सोना 0.03 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 4,708 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.87 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 87.68 डॉलर प्रति औंस पर थी।

# वैभव सूर्यवंशी को टीम इंडिया में मिली जगह, BCCI ने ट्राई सीरीज के लिए स्क्वाड का किया ऐलान

नई दिल्ली। भारतीय ए टीम को 9 जून से श्रीलंका में खेली जाने वाले वनडे ट्राई सीरीज में हिस्सा लेना है, जिसमें मेजबान के अलावा अफगानिस्तान-ए टीम भी इसका हिस्सा है। इस त्रिकोणीय सीरीज को लेकर बीसीसीआई ने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है, जिसमें वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 9 जून से श्रीलंका की मेजबानी में खेली जाने वाली वनडे ट्राई सीरीज के लिए भारतीय-ए टीम के स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज के लिए बीसीसीआई ने कई युवा खिलाड़ियों को मौका दिया है, जिसमें सबसे बड़ा नाम 15 साल के बाएं हाथ के ओपनिंग बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का है। इसके अलावा इस ट्राई सीरीज में भारतीय-ए टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी तिलक वर्मा संभालेंगे तो वहीं उपकप्तान रियान पराग को बनाया गया है। भारतीय-ए टीम के अलावा मेजबान श्रीलंका और इस ट्राई सीरीज में तीसरी टीम अफगानिस्तान-ए की है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 21 जून को खेला जाएगा।



आईपीएल 2026 के सीजन में कई युवा भारतीय खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है, जिसमें पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे ओपनिंग बल्लेबाज प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह का नाम भी शामिल है जिनको ट्राई सीरीज के लिए इंडिया-ए स्क्वाड में जगह मिली है। इसके अलावा स्क्वाड में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ियों को लेकर बात की जाए तो उसमें अंशुल कंबोज, यश ठाकुर, विपराज निगम के अलावा आयुष बडोनी और हर्ष दुबे का नाम शामिल है। तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उपकप्तान), आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विपराज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान।श्रीलंका में खेली जाने वाले इस ट्राई सीरीज में भारतीय-ए टीम के शेड्यूल को लेकर बात की जाए तो 9 जून को उनका मुकाबला मेजबान श्रीलंका-ए टीम से होगा, जिसके बाद 11 जून को भारतीय-ए टीम को अफगानिस्तान-ए टीम से मुकाबला खेलना है। 15 और 17 जून को टीम इंडिया का सामना एकबार फिर से श्रीलंका-ए और अफगानिस्तान-ए टीम से होगा। इस ट्राई सीरीज में टॉप-2 पर खत्म करने वाली टीमों के बीच 21 जून को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस वनडे ट्राई सीरीज के सभी मुकाबले दांबुला के स्टेडियम में खेले जाएंगे। वनडे ट्राई सीरीज खेलने के अलावा भारतीय-ए टीम को इस दौरे पर मेजबान श्रीलंका-ए टीम के खिलाफ 2 रेड बॉल मुकाबले भी खेलने हैं, जिसमें इस सीरीज के लिए बीसीसीआई की तरफ से स्क्वाड का ऐलान बाद में किया जाएगा।

# पैट कमिंस ने खुद को लेकर किए गए दावे को ठहराया झूठा

नई दिल्ली। वर्ल्ड क्रिकेट में मौजूदा समय में टी20 लीग का दबदबा हर साल बढ़ते हुए देखने को मिल रहा है, जिसके चलते अब कई बड़े खिलाड़ी अपने देश के लिए खेलने की जगह इन लीग को अधिक तरजीह देते हुए नजर आ रहे हैं। इसी को ल`क र ऑस्ट्रेलिया के कई सीनियर खिलाड़ियों को लेकर द एज की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वह अब बिग बैश लीग को छोड़कर साउथ अफ्रीका में खेली जाने वाली ञ्र20 लीग को चुन सकते हैं। इस रिपोर्ट में मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस सहित कई सीनियर खिलाड़ियों के नामों का जिक्र किया गया है जो साल 2028 से अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी एनओसी लेने पर विचार कर रहे हैं, ताकि वह बीबीएल की जगह जनवरी में होने वाली इस टी20 लीग में खेल सके। वहीं इस रिपोर्ट में किए गए दावे को लेकर पैट कमिंस ने भी जवाब देने में बिल्कुल भी देरी नहीं लगाई जिसमें उन्होंने इसे पूरी तरह से म न ग ढ़ं त ब ता या।



ऑस्ट्रेलियाई टीम के कई सीनियर खिलाड़ियों को लेकर इस रिपोर्ट में किए गए दावों में बताया गया कई बड़े प्लेयर्स विदेशी फ्रेंचाइजी लीग में लगभग 10 करोड़ रुपये के करीब कमा रहे हैं, जो बीबीएल में मिलने वाली रकम से कहीं अधिक है।

## हॉकी इंडिया ने जूनियर टीम के नए हेड कोच फ्रांस के फ्रेडरिक सोयेज संभालेगा जिम्मेदारी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने भारतीय जूनियर पुरुष टीम हॉकी टीम के नए हेड कोच के नाम का ऐलान 14 मई को कर दिया जिसमें उन्होंने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पीआर श्रीजेश जो इस जिम्मेदारी को पहले संभाल रहे थे उनकी जगह पर फ्रांस के पूर्व खिलाड़ी फ्रेडरिक सोयेज को ये जिम्मेदारी सौंपी है। श्रीजेश का जूनियर हॉकी टीम के साथ हेड कोच का कार्यकाल करीब डेढ़ साल लंबा रहा था जिसमें उनका अनुबंध पिछले साल चेन्नई और मदुरै में हुए जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में खत्म हो गया था। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने कांस्य पदक अपने नाम किया था। हॉकी इंडिया ने इसके बाद श्रीजेश के कार्यकाल को आगे नहीं बढ़ाया था, लेकिन उन्होंने फिर से हेड कोच बनने के लिए आवेदन किया था लेकिन इस बार उन्हें ये जिम्मेदारी नहीं मिली। भारतीय जूनियर हॉकी टीम के नए हेड कोच बनाए गए फ्रेडरिक सोयेज को लेकर बात की जाए तो उनकी गिनती यूरोपीय हॉकी के बेहतरीन कोचों में की जाती है जिनको कोचिंग का 15 से अधिक का अनुभव हासिल है। सोयेज ने साल 1995 से लेकर 2010 तक फ्रांस के लिए इंटरनेशनल हॉकी में कुल 196 मुकाबले खेले और उसमें वह 195 गोल करने में कामयाब रहे। इंटरनेशनल हॉकी को अलविदा कहने के बाद सोयेज ने कोचिंग की दुनिया में कदम रखा जिसमें उन्होंने फ्रांस और स्पेन की टीम के लिए इस जिम्मेदारी को निभाया। स्पेन के जब वह कोच थे तो उस समय टीम ने साल 2019 में यूरोपीय चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल को अपने नाम किया था। फ्रेडरिक सोयेज ने साल 2016, 2020 और 2024 में हुए ओलंपिक गेम्स के अलावा साल 2018 और 2023 के हॉकी वर्ल्ड कप में कोच की जिम्मेदारी को संभाला है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम का ऐलान, जेम्स रियू और एमिलियो गे को मिला मौका

नईदिल्ली,14 मई। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 4 जून से लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। जैक क्रॉली की जगह जेम्स रियू और एमिलियो गे को मौका मिला है। वहीं, ओली रॉबिन्सन की 2 साल से अधिक समय बाद वापसी हुई है। इंग्लैंड की यह टीम ऑस्ट्रेलिया में 4-1 से एशेज सीरीज हारने के बाद काफी बदली हुई नजर आ रही है। बेन स्टोक्स टीम के कप्तान होंगे।

मार्क वुड चोटिल होने के कारण उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, ब्रायडन कार्स भी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए भी ज्यादा मैच नहीं खेल सके। पहले टेस्ट के



लिए ऐसी है इंग्लैंड की टीमः बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, सॉनी बेकर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, एमिलियो गे, जेम्स रियू, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) और जोश टंग।

इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने साफ किया है कि जोफ्रा आर्चर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आर्चर अभी आईपीएल खेल रहे हैं और लंबे समय बाद उन्हें लाल गेंद क्रिकेट के लिए धीरे-धीरे तैयार किया जा रहा है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 4 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा टेस्ट 17 जून से द ओवल और तीसरा मुकाबला 25 जून से ट्रेंट ब्रिज में शुरू होगा।

गे प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 72 मुकाबले खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 124 पारियों में 40.18 की औसत से 4,702 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 13 शतक और 18 अर्धशतक निकले हैं। 22 साल के जेम्स रियू ने अब तक 62 मुकाबले खेले हैं और इसकी 104 पारियों में 41.48 की औसत से 3,775 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 12 शतक और 15 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 221 रन रहा है। न्यूजीलैंड ने इस सीरीज के लिए पहले ही अपनी टीम घोषित कर दी है। वह आयरलैंड के खिलाफ भी एक टेस्ट खेलेगी।

# मेंस क्रिकेट टीम की कोच बनीं महिला क्रिकेटर

नईदिल्ली। क्रिकेट में एक नया अध्याय तब जुड़ गया जब एक महिला क्रिकेटर को सीनियर मेंस टीम का कोच बना दिया गया. ये खूबसूरत अध्याय इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने लिखा है. जब बोर्ड ने इंग्लैंड की पूर्व विकेटकीपर- महिला बल्लेबाज सारा टेलर को इंग्लैंड की सीनियर पुरुष टीम का का फील्डिंग कोच नियुक्त किया. इसके साथ वो मेंस टीम के साथ काम करने वाली पहली महिला बन गई.



सारा टेलर न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से ही फील्डिंग कोच की भूमिका में नजर आएंगी. टेलर इस घरेलू सीरीज में ही फील्डिंग कोच के रूप में काम करेंगी, क्योंकि नियमित कोच कार्ल हॉपकिंसन आईपीएल में मुंबई इंडियंस के साथ व्यस्त हैं.

इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करते हुए टेलर की नियुक्ति की पुष्टि की और कहा, मुझे लगता है कि वह अपने काम में सर्वश्रेष्ठ हैं. उन्होंने एंड्रयू फ्लिंटॉफ और एड बार्नी के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है. मैं उनकी जितनी भी तारीफ करूं कम है, वह किसी से कम नहीं हैं.

यह भूमिका टेलर के कोचिंग करियर में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें काउंटी और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में विभिन्न क्षमताओं में काम करना शामिल है, जिसमें ससेक्स काउंटी क्रिकेट क्लब और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स शामिल हैं. उन्होंने इंग्लैंड लायंस के साथ रहते हुए इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के साथ भी मिलकर काम किया है.

सारा टेलर का आगमन इंग्लैंड की रेड-बॉल टीम के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हुआ है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में उनकी खराब फील्डिंग का उन्हें भारी खामियाजा भुगतना पड़ा. टीम ने एशेज के दौरान 11 कैच छोड़े. इंग्लैंड क्रिकेट टीम की बिना किसी समर्पित फील्डिंग कोच के दौरे पर जाने के फैसले के लिए भी आलोचना हुई थी.

# विराट कोहली ने आईपीएल करियर का 9वां शतक लगाया, बने प्लेयर ऑफ द मैच

रायपुर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 57वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बेहतरीन शतकीय पारी (105*) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का कुल 9वां शतक रहा। अपनी शतकीय पारी के दौरान उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन पूरे किए। उनकी बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज की। कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।



कोहली ने पारी का दूसरा ओवर करने आए वैभव अरोड़ा की जमकर खबर ली। इस दिग्गज बल्लेबाज ने अरोड़ा के ओवर में 4 चौके लगाए। पिछली 2 पारियों में शून्य पर आउट होने वाले कोहली आज बेहतर लय में नजर आए और उन्होंने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने पडिक्कल के साथ मिलकर 92 रन की साझेदारी की। उन्होंने अपनी पारी को शतक में तब्दील किया।

कोहली टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन बनाने वाले विश्व के सिर्फ छठे बल्लेबाज बने हैं। वह अब क्रिस गेल, जोस बटलर, एलेक्स हेल्स, डेविड वार्नर और कीरोन पोलार्ड ही ये आंकड़ा छूने में सफल हुए हैं। बता दें कि गेल ने 463 टी-20 मैचों में 14,562 रन, पोलार्ड ने 735 मैचों में 14,482 रन, हेल्स ने 528 मैचों में 14,449 रन, वार्नर ने 439 मैचों में 14,284 रन, और बटलर ने 14,200 रन बनाए हुए हैं।

कोहली ने आईपीएल 2026 के दौरान ही लीग में अपने 9,000 रन पूरे किए थे। उन्होंने अपने बेमिसाल करियर में लगभग 40 की औसत के साथ 9,100 से अधिक रन बनाए हैं। वह लीग में 9 शतक और 66 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। आईपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 113 रन रहा है। आईपीएल के इतिहास में कोहली के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 8,000 रन भी नहीं बना सका है।

आईपीएल में कोहली के बाद बटलर ने 7 शतक लगाए हुए हैं। इस सूची में केएल राहुल और गेल ने आईपीएल में 6-6 शतक लगाए हुए हैं। यह कोहली का टी-20 क्रिकेट में कुल 10वां शतक है।

**0 केरल की राजनीति में बड़ा उलटफेर!....**

सतीशन विधानसभा में विपक्ष के नेता थे। अब उन्हें सीएम की जिम्मेदारी दी गई है। सीएम के रेस में सतीशन के अलावा केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला का नाम भी चल रहा था लेकिन अंतिम मुहर वी.डी. सतीशन के नाम पर ही लगी।

**फैसला कांग्रेस हाईकमान - केसी वेणुगोपाल**

राज्य में सीएम के नाम के ऐलान के बाद टीं महासचिव केसी वेणुगोपाल का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा कि यह फैसला कांग्रेस हाईकमान ने लिया है और इस फैसले के साथ पूरी तरीके से खड़ा हूं। साथ ही उन्होंने इस फैसले का स्वागत भी किया।

**क्या रहा चुनाव परिणाम?**

140 सदस्यीय विधानसभा में यूडीएफ ने 102 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। कांग्रेस को 63 सीटें मिलीं, जबकि उसकी सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने 22 सीटों पर जीत दर्ज की। दूसरी तरफ एलडीएफ 35 सीटों तक सिमट गया। इनमें सीपीआई(एम) को 26, सीपीआई को 8 और आरजेडी को एक सीट मिली।

00000000

**0 तमिलनाडु के मंत्री आधव अर्जुना बड़ा बयान...**

सीएम विजय के निर्देश पर राज्य में 700 से अधिक शराब की दुकानों को बंद करने का आदेश दिया गया है क्योंकि इन दुकानों के पास महिलाओं की सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा बनी हुई थी।

**ड्रग्स और भ्रष्टाचार पर सख्ती**

राज्य में ड्रग्स की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए पुलिस विभाग के साथ एक अहम बैठक हुई है। उन्होंने बताया कि हर पुलिस स्टेशन को सीसीटीवी की निगरानी में लाया जाएगा, जिसके लिए वे आईटी सपोर्ट देने को तैयार हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने अपने नेता मुख्यमंत्री विजय के वादे को दोहराया। मंत्री ने जनता और मीडिया को खुला चैलेंज देते हुए कहा कि 'हम अपने नेता (मुख्यमंत्री विजय) का अनुसरण करेंगे, जिन्होंने कहा था कि वे लोगों के पैसे का एक भी पैसा नहीं छुएंगे। आप तीन महीने बाद हमारे प्रदर्शन की रिपोर्ट दे सकते हैं।'

00000000

**0 होर्मुज मे भारतीय टैंकर 'हाजी अली'....**

महासागर और खाड़ी देशों के व्यापारिक मार्ग पर सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**विदेश मंत्रालय की कड़ी प्रतिक्रिया और जांच जारी**

भारत के विदेश मंत्रालय ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक नाविकों को लगातार निशाना बनाया जाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल ओमान पुलिस और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि जहाज पर यह हमला किसने किया है। अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जारी तनाव के बीच भारतीय नौसेना और सुरक्षा एजेंसियां भी इस क्षेत्र में अपनी निगरानी बड़ा रही हैं ताकि भविष्य में ऐसे हमलों को रोका जा सके।

00000000

**0 भाजपा ने राहुल गांधी के विदेश दौरों की.....**

यात्राओं को लेकर जानकारी साझा नहीं करती। मंगल पांडेय ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं को अपनी आर्थिक गतिविधियों और खर्च को लेकर जवाबदेह होना चाहिए।

**राजनीतिक बयानबाजी तेज**

राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर बीजेपी पहले भी कई बार सवाल उठाती रही है। अब मंगल पांडेय के बयान के बाद एक बार फिर इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। हालांकि कांग्रेस की ओर से इस बयान पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

00000000

**0 पीएम मोदी के बाद नेताम समेत छत्तीसगढ़....**

बता दें कि पीएम मोदी ने 2 दिन पूर्व वाहनों के अनावश्यक उपयोग समेत एक साल तक सोना नहीं खरीदने तथा वर्क फ्रॉम होम की बात कही थी। उन्होंने जनता से अपील की थी कि देशहित में वे सहयोग करें। हालांकि इसे लेकर राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर भी लोग इसे लेकर तंज कस रहे हैं।

00000000

**0 गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका....**

गौरतलब है कि ब्रुकलिन अटॉर्नी ऑफिस ने अदाणी और उनके सहयोगियों पर भारत में सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए 250 मिलियन डॉलर रिश्वत का आरोप लगाया था. ये भी आरोप था कि अमेरिकी निवेशकों से धन जुटाते समय इस बात को छिपाया गया था. अदाणी ग्रुप आरोपों को लगातार खारिज करता रहा है. अब तक इस मामले में अदाणी और उनके भतीजे सागर समेत कोई भी आरोपी अमेरिकी अदालत में पेश नहीं हुआ है. हाल ही में अदाणी के वकीलों ने कोर्ट में दस्तावेज दाखिल करके मांग की थी कि स्क्षष्ट का फ्रॉड केस खारिज किया जाना चाहिए क्योंकि अमेरिकी रेग्युलेटर के पास आवश्यक क्षेत्राधिकार की कमी है. ये भी कहा गया था कि तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है और इस मामले में कार्यवाही करने लायक कोई सबूत नहीं हैं.

# मुंबई ने धर्मशाला में लगाया जीत का तिलक, 5 हार के बाद पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ीं

नई दिल्ली। तिलक वर्मा की नाबाद 75 रनों की पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से मात दी। शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी के चलते पंजाब किंग्स बेहतर शुरुआत के बावजूद 200 रन ही बना सकी।



201 रन के टारगेट को मुंबई ने 1 गेंद पहले चेज कर लिया। पंजाब किंग्स की यह लगातार 5वीं हार है। ऐसे में टीम की प्लेऑफ की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पंजाब ने 12 में से 6 मैच जीते हैं। वहीं मुंबई पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है।

### शार्दुल ने की कमाल की गेंदबाजी

मुंबई की ओर से शार्दुल ने चार ओवर में 39 रन देकर टीम के लिए महत्वपूर्ण चार विकेट झटके। उन्होंने प्रभसिमरन, श्रेयस अय्यर, सूर्यांश और मार्को जेनसेन को पवेलिन भेजा। शार्दुल ने 11वें ओवर में दो विकेट और 13वें तथा 16वें ओवर में एक-एक विकेट लेकर पंजाब को डबल सेंचुरी पर रोक दिया।

पंजाब किंग्स की ओर से प्रभसिमरन सिंह ने फिफ्टी लगाई। अंत में अजमतुल्लाह उमरजई ने 38 रन की तूफानी पारी खेली। मुंबई के कप्तान जसप्रीत बुमराह ने पंजाब के विरुद्ध सात गेंदबाजों को मौका दिया। दीपक को दो और कार्विन व बाबा सहित बुमराह को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले, प्रियांश और प्रभसिमरन ने पंजाब को अच्छी शुरुआत दी। प्रियांश और प्रभसिमरन के बीच 50 रन की साझेदारी हुई, जबकि प्रभसिमरन की कनोली के साथ 57 रन की साझेदारी भी महत्वपूर्ण रही। उमरजाई ने 17 गेंदों में 38 रन का योगदान दिया, जिसमें उनके चार छक्के शामिल हैं। इस प्रकार, पंजाब ने नौ विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाए।

### पावरप्ले में पंजाब ने बनाए 55 रन

मुंबई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पावर प्ले में छह ओवर में पंजाब ने एक विकेट के नुकसान पर 55 रन बनाए। दीपक चाहर ने प्रियांश आर्य को छठे ओवर की तीसरी गेंद में बोल्ड कर दिया। प्रियांश ने टीम के लिए 22 रन बनाए, जिसमें उनके चार चौके भी शामिल हैं। दीपक चाहर की पहले ओवर की दूसरी गेंद में प्रियांश आर्य ने चौका जड़कर टीम का खाता खोला। पहले ओवर में टीम के लिए सात रन आए।

# कलेक्टर ने सीमांकन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण एवं नक्शा बटांकन में प्रगति लाने के दिए निर्देश




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी राजस्व निरीक्षकों की बैठक लेकर राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सीमांकन, स्वामित्व योजना, नक्शा बटांकन, नामांतरण, बंटवारा तथा अन्य राजस्व प्रकरणों की प्रगति की जानकारी लेते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा की।

जानकारी दी गई कि जिले में सीमांकन के कुल 1 हजार 440 प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें से 1 हजार 202 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है तथा 238 प्रकरण शेष हैं। कलेक्टर ने शेष सीमांकन प्रकरणों का निराकरण 15 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमांकन से संबंधित मामलों का त्वरित निराकरण होने से आमजनों की भूमि संबंधी समस्याओं का समाधान होगा और अनावश्यक विवादों में कमी आएगी। कलेक्टर ने स्वामित्व योजनान्तर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक तहसील से 10-10 ग्रामों के प्रकरण तैयार कर अधिकार अभिलेख निर्माण एवं वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति अधिकारों का रिकॉर्ड व्यवस्थित होगा तथा नागरिकों को राजस्व संबंधी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। कलेक्टर ने नक्शा बंटांकन की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिले में 71.58 प्रतिशत प्रगति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाते हुए प्रगति बढ़ाने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग से जुड़े प्रकरण जनसामान्य से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए सभी राजस्व निरीक्षक संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

## रोपित आम फलबहार की नीलामी 18 मई को

राजनांदगांव (दावा)। उद्यान विभाग अंतर्गत स्थापित राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री में रोपित आम फलबहार की नीलामी 18 मई 2026 को दोपहर 3 बजे की जाएगी। इच्छुक बालीकर्ता निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग लेकर बोली लगा सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक संचालक उद्यान कलेक्टोरेट मुख्यालय रूम नंबर 73-77 राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

# सोना खरीदना रोकें, पेट्रोल फूंकना बंद करें, देश को आर्थिक गुलामी से बचाना है - मनोज निर्वाणी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन राजगामी संपदा के उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने मौजूदा वैश्विक आर्थिक संकट के बीच माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में की गई अपील को ‘हर भारतीय का राष्ट्रीय कर्तव्य’ बताया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता से इस आह्वान को युद्धस्तर पर अपनाने की अपील की है।



मनोज निर्वाणी ने सख्त लहजे में कहा आज देश एक बड़े आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर हो रहा है, कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। ऐसे में माननीय प्रधानमंत्री जी ने स्वर्ण खरीद को कुछ समय के लिए टालने और पेट्रोल-डीजल की फिजूलखर्ची रोककर सार्वजनिक परिवहन अपनाने का जो आह्वान किया है, वह राष्ट्र को आर्थिक गुलामी से बचाने का मंत्र है। उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यह विलासिता का नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा का समय है। जो लोग आज भी बेवजह सोना खरीद रहे हैं और गाड़ियों में पेट्रोल फूंक रहे हैं, वे अनजाने में देश की आर्थिक संप्रभुता पर हमला कर रहे हैं। हर एक ग्राम सोना और हर एक लीटर पेट्रोल की बचत, भारत माता के खजाने की रक्षा है।

**एक ग्राम सोना और एक लीटर पेट्रोल की बचत, भारत माता के खजाने की रक्षा के समान है**

इस राष्ट्रीय अभियान के 3 बड़े लाभ गिनाते हुए उन्होंने कहा आर्थिक आजादी की लड़ाई, स्वर्ण आयात रोकने से अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा बचेगी। रुपया टूटने से बचेगा और महंगाई पर लगाम लगेगी। ऊर्जा में आत्मनिर्भर भारत- पेट्रोल-डीजल का कम उपयोग हमारे आयात बिल को आधा कर देगा। यह पैसा गरीब कल्याण में लगेगा। भविष्य की सुरक्षा - सार्वजनिक परिवहन अपनाने से प्रदूषण घटेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ भारत का सपना पूरा होगा।

अंतिम अपील करते हुए मनोज निर्वाणी ने कहा मैं छत्तीसगढ़ के हर नागरिक से हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूँ कि इस आर्थिक संकट को अपना व्यक्तिगत संकट समझें। शादी-ब्याह हों या त्यौहार, सोना खरीदना स्थगित कर दें। बस-ट्रेन का उपयोग करें। आपका यह छोटा बलिदान देश को बड़े आर्थिक संकट से उबार लेगा। याद रखें, जब देश मजबूत होगा तभी हम सुरक्षित होंगे। प्रधानमंत्री जी के इस राष्ट्रयज्ञ में अपनी आहुति दें।

# आत्म समर्पित नक्सली परिवार के बारहवीं उत्तीर्ण बच्चों को बी.पी.ए. डिग्री पाठ्यक्रम में निःशुल्क शिक्षा दी जायेगी

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव की शिक्षा, संस्कृति संस्कार के लिए समर्पित संस्थापक चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र (संगीत महाविद्यालय) के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा द्वारा रायगढ नरेश राजा चक्रधर सिंह एवं अपने गुरू प्रो. कल्याण दास महन्त के नाम से 44 वर्षो से स्थापीत मध्य भारत और छत्तीसगढ़ का प्रथम स्नातक संगीत महाविद्यालय होने का गौरव प्राप्त संगीत महाविद्यालय है और जिसका उद्देश्य है, राजा चक्रधर सिंह जी द्वारा सृजित संगीत, नृत्य ग्रन्थों जो की भारतीय ज्ञान परंपरा का अनुपम कृतियों को जनमानस तक शिक्षण, संरक्षण, सवर्धन एवं ‘रायगढ़ घराना कथक’ नृत्य परंपरा को मानव समाज में प्रसारित कर स्थापित करना एवं इन्हीं समपर्ण भाव से शिक्षण सत्र 2026-27 से आत्म समार्पित नक्सली परिवार के कक्षा बारहवी उत्तीर्ण बच्चे निःशुल्क शास्त्रीय गायन, कथक नृत्य, तबला, लोक संगीत पाठ्यक्रम में बी.पी.ए. बैचलर ऑफ परफर्मिंग आर्ट में निःशुल्क स्नातक (डिग्री) करेगे नई शिक्षा नीति 2020 भारत सरकार का उद्देश्य है। कि विद्यार्थीयों को शिक्षा के साथ-साथ स्किल हुनर, कौशल हो ताकि युवा स्वरोजगार करे और दूसरों को भी रोजगार देने वाला हो।



**चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव का अनोखा पहल**

चार वर्षीय बी.पी.ए. बैचलर ऑफ परफर्मिंग आर्ट रोजगार युवक व्यवसयिक डिग्री पाठ्यक्रम में विद्यार्थी अलग-अलग सेमेस्टर में संगीत नृत्य के साथ अन्य विषयों का भी अध्ययन करेंगे। जैसे की हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी, संस्कृत, आपदा प्रबंधन, मानव अधिकार, योग, संग्रहालय विज्ञान, ट्रेव्हल एंड टुरिज्म, स्पोकन इंग्लिस लेंग्वेज एंड कम्युनिकेशन स्कील, प्रोद्योगिक, पत्रकारिता, जनसंचार व्यवसायिक एवं कार्यालयीन प्रयोजन मुलक हिन्दी, कम्प्यूटर एप्लिकेशन एवं इन्ट्रोडक्शन टू मल्टीमीडिया, एवं मुख्य विषय से संबंधित कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास और शिक्षण कौशल जैसे विषयों का अध्ययन कर विद्यार्थी संगीत, नृत्य कला शिक्षक के रूप में केन्द्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय, प्रयास विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, पी.एम.श्री विद्यालय रेल्वे आदि मे अपना कैरियर बना सकते है।

जो विद्यार्थी उपरोक्त पाठ्यक्रम करना चाहते है, वह चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र सांकरा एवं संर्पक कार्यालय जमात पारा राजनांदगांव में संर्पक कर कैरियर संबंधी निश्शुल्क मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। 7247721199 में उपरोक्त जानकारी संस्था के तुषार सिन्हा ने दी।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिव्यांग मनीष को प्रदान की मोटराईज्ड ट्रायसायकल

राजनांदगांव (दावा)। शासन की संवेदनशील पहल और सुशासन तिहार के जनसमस्या निवारण शिविर जरूरतमंदों के जीवन में नई उम्मीद बनकर सामने आ रहे हैं। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला निवासी दिव्यांग युवक मनीष साहू की है, जिन्हें सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़पार में आयोजित शिविर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के हाथों मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई।



**मोटराईज्ड ट्रायसायकल बनी मनीष के आत्मनिर्भर जीवन की नई राह**

**० सुशासन तिहार शिविर में तत्काल सहायता**

**अब डॉक्टर और बाजार जाने में नहीं होगी परेशानी**

इस सहायता से मनीष और उनकी मां के जीवन में नई खुशी और आत्मविश्वास बढ़ा है। दोनों पैरों से दिव्यांग मनीष साहू के लिए घर से बाहर निकलना किसी चुनौती से कम नहीं था। रोजमर्रा के काम, डॉक्टर के पास जाना या बाजार तक पहुंचना बेहद कठिन था। उनकी मां श्रीमती अनीता साहू को बेटे को गोद में लेकर कई बार बाहर ले जाना पड़ता था, जिससे उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

श्रीमती अनीता साहू ने बताया कि सुशासन तिहार शिविर में उन्होंने अपने पुत्र के लिए मोटराईज्ड ट्रायसायकल की मांग करते हुए आवेदन किया था। उनकी अपेक्षा के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करते हुए शिविर में ही मनीष को मोटराईज्ड ट्रायसायकल उपलब्ध कराई गई। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उनके बेटे को डॉक्टर, बाजार या अन्य जरूरी कार्यों के लिए बाहर ले जाने में परेशानी नहीं होगी। मनीष अब स्वयं आसानी से आवागमन कर सकेंगे, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और वे अधिक आत्मनिर्भर बन पाएंगे। मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने पर मनीष और उनकी मां की खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

# मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2026 हेतु विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आमंत्रण

राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्र के मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले ‘मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2026’ के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया।



समारोह आयोजन समिति के प्रतिनिधियों ने आदरणीय डॉ. रमन सिंह जी से सौजन्य भेंट कर उन्हें कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आयोजित इस विशेष सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित करना, प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा मेहनती छात्रों को सम्मानित कर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करना है। समिति द्वारा जानकारी दी गई कि समारोह में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं तथा शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व, अनुशासन, संस्कार एवं युवा शक्ति की भूमिका पर विशेष चर्चा भी की जाएगी। आदरणीय डॉ. रमन सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का सम्मान समाज के उज्ज्वल भविष्य का सम्मान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत माध्यम है और विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं भी दीं। समारोह आयोजन समिति ने बताया कि ‘मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2026’ में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को भव्य एवं प्रेरणादायक बनाने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संयोजक छात्र मंच नागेश यदु, प्रदेश अध्यक्ष लोकेश बरपात्रे, शहर अध्यक्ष साहिल कुमार, दिग्विजय कॉलेज अध्यक्ष बालकृष्ण कोमरे अपस्थित रहे।

# गंज चौक में चला प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देश के अनुक्रम में प्लास्टिक मुक्त नगर की परिकल्पना को साकार करने प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित किये जाने तथा सडक में बिल्डिंग मटेरियल व मलमा रखने पर मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम कार्यवाही कर रही है।



**बजाज प्लास्टिक सहित किराना दुकान व फल ठेला पर 2 हजार 3 सौ रूपये अर्थदण्ड 5 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्ती**

कार्यवाही की कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला ने गंज चौक के बजाज प्लास्टिक व किराना दुकान तथा फल ठेला में दबीस दी और प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय करने पर 2 हजार 3 सौ रूपये अर्थदण्ड वसूल 5 किलो झिल्ली पन्नी जप्त किए।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि प्लास्टिक प्रतिबंधित करने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा प्रतिदिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जॉच कर साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने, प्लास्टिक के उपयोग व विक्रय पर प्रतिबंध किये जाने समझाईस देने के अलावा कार्यवाही भी की जा रही है। कार्यवाही की कडी में आज गंज चौक में दबिस देकर दुकानो में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने तथा डस्टबिन नही रखने पर गंज चौक के बजाज प्लास्टिक से 5 सौ रूपये जुर्माना वसूल 3 किलो पालिथीन जप्त किये। इसी प्रकार 10 किराना एवं फल विक्रेताओ से 1 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना वसूल 2 किलो झिल्ली पन्नी जप्त किए। उक्त कार्यवाही प्रतिदिन जारी रहेगी। टीम ने गन्ना रस विक्रेताओ को डिस्पोजल गिलास का उपयोग नही करने समझाईस दिए।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज प्लास्टिक के कारण पर्यावरण पर सीधा प्रभाव पड रहा है,साथ ही जानवर द्वारा इसे खाने से उनके शरीर पर दुष्प्रभाव पड रहा है। इन बातो को ध्यान में रखकर शासन ने इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। हम सबके सहयोग से ही यह कार्य संभव होगा। उन्होंने नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील करते हुये कहा है कि मलमा सड़क पर न रखे एवं अपने दुकान का समान दुकान की सीमा में रखे तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करे तथा डस्टबिन का उपयोग करे अन्यथा जप्ती करते हुये अर्थदण्ड की कार्यवाही की जायेगी।

# पाँचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा में गायत्री विद्या मंदिर के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन





राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) के कंचनबाग के विद्यार्थियों ने 5वीं, 8वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर शाला एवं माता-पिता का गौरव बढ़ाया। कक्षा पांचवी में माही साहू 96.50प्रतिशत प्रथम, वैभव साहू 95.50 प्रतिशत द्वितीय, केशव कुमार यादव 95प्रतिशत तृतीय, इसी प्रकार कक्षा आठवीं में गर्व सोनकर 94 प्रतिशत प्रथम, कामाक्षी 90.50 प्रतिशत द्वितीय, ओमिका सोनकर 90.33 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाला का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवीं के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये। आठवीं में 56 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 17 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुये। छात्रों ने सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों के साथ कड़ी मेहनत, लगन और शाला के अनुशासन को दिया।

गायत्री शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्या देवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, सचिव गगन लड्ढा, सह सचिव निकुंज सिंघल, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, एकेडमी हेड अमित उत्तलवार, प्रशासक अनिल बाजपेयी, मैनेजर तरणजीत सिंह, शाला की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्वत, उपप्राचार्य तामेश्वरी साहू एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस सफलता के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत जनमानस को लाभान्वित करने के लिए बैंकर्स अधिक से अधिक ऋण करें प्रदान - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मार्च 2026 तिमाही के लिए 188वीं जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएससीसी) एवं जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत जनमानस को लाभान्वित करने के लिए उन्हें अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवेदकों के ऋण यथाशीघ्र स्वीकृत करने के लिए कहा। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना की बैंकवार समीक्षा की। कलेक्टर ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जाहिर की एवं इस माह के अंत तक सभी बैंकों को लंबित आवेदन को प्राथमिकता से निराकरण करने कहा। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बैंक को त्वरित एवं सुविधाजनक तरीके से वरीयता से करने हेतु जिले के सभी बैंक प्रमुखों से कहा। अन्यव्यवसायी विभाग अंतर्गत पीएम अभ्युदय योजना इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्य आने पर इस योजना में गति लाने को कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, निष्क्रिय बैंक खाता, एनआरएलएम एंटरप्राइज फाइनेंस एवं महिला स्वसहायता समूह लिंकेज, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएमईजीपी, पीएमएमएमई एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मछलीपालन, पशुपालन और डेयरी के सीसी ऋण, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति हेतु शासकीय योजना के लिए संचालित शासकीय योजनाओं, जिले के मूल बैंकिंग आंकड़ों एवं वार्षिक साख योजना, आरसेटी राजनांदगांव के कार्यों की समीक्षा की।




**कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएससीसी एवं डीसीसी की बैठक संपन्न**
**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को त्वरित एवं सुविधाजनक तरीके से प्राथमिकता देते हुए ऋण स्वीकृत करने कहा**
**बैंकों को लंबित आवेदन को प्राथमिकता से निराकरण करने कहा**

भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर के मैनेजर श्री अविनाश कुमार टोप्पो ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के नवीनीकरण हेतु समुचित प्रयास के लिए लीड बैंक एवं संबंधित बैंक शाखा को कहा। मई महीने में ही इस बीमा का नवीनीकरण होना है। आरबीआइ रायपुर से बैंकों के कार्य में प्रगति लाने हेतु बैंकों का मार्गदर्शन करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत महिला स्वसहायता समूहों को अधिक से अधिक ऋण प्रदान करने तथा लाभान्वित करने के लिए कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, लीड बैंक मैनेजर श्री मुनीष शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्थान के अंतरराज्यीय शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



- शहर की दुकानों में छत के रास्ते घुसकर लाखों की चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा
- सीसीटीवी फुटेज, टावर डंप और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हुई पहचान
- बांसवाड़ा ( राजस्थान ) जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया मुख्य सरगना, 4 बड़ी वारदातों का खुलासा

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन की अपराध मुक्त नीति के तहत पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के कुशल निर्देशन में राजनांदगांव पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। शहर में लगातार हुई चार बड़ी चोरी की सनसनीखेज घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने राजस्थान के एक शातिर अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है, जिसे राजस्थान की बांसवाड़ा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर यहां लाया गया है।

### छत के रास्ते दुकानों में घुसकर उड़ाते थे लाखों की नगदी

पकड़े गए गिरोह का तरीका बेहद शातिराना था। यह गिरोह रात के समय सूनी दुकानों को निशाना बनाता था और छत के रास्ते अंदर प्रवेश कर गल्ले में रखी नगदी और कीमती सामान समेटकर फरार हो जाता था। शहर के अलग-अलग व्यापारिक प्रतिष्ठानों में हुई इन चोरियों के बाद थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 456/25, 478/25, 532/25 और 537/25 दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।

### बड़ी घटनाओं को दिया था अंजाम

नंदलाल हार्डवेयर (महावीर चौक)- 3-4 सितंबर 2025 की दरमियानी रात गल्ले से 60,000 रुपये नगद पार किए। गणेश मेडिकल स्टोर (मानव मंदिर चौक)- 17-18 सितंबर 2025 की रात गल्ले से 7,00,000 रुपये नगद उड़ाए। नरेश वॉच (मानव मंदिर चौक)- 17 से 19 सितंबर 2025 के मध्य 2,50,000 रुपये नगद और 12-13 नग कीमती घड़ियां चोरी की। संगम साड़ी दुकान (हमालपारा)- 26-27 अगस्त 2025 की रात 3,00,000 रुपये नगद और एक पुरानी सोने की चैन सहित कुल 4,00,000 रुपये के माल पर हाथ साफ किया।

### तकनीकी साक्ष्यों से खुला मामले का राज

लगातार हो रही चोरियों की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरों एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस और साइबर थाने की एक विशेष संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थलों के आसपास के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले, टावर डंप निकाला और बारीक तकनीकी विश्लेषण किया। इसके आधार पर पुलिस को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के एक शातिर चोर गिरोह के शामिल होने के पुख्ता सुराग मिले।

### मुख्य आरोपी गिरफ्तार, फरार साथियों की तलाश

पुलिस टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए राजस्थान के बांसवाड़ा में दबिश दी। गिरोह का मुख्य सरगना दिनेश चरपोटा पहले से ही केंद्रीय जेल बांसवाड़ा में बंद था, जिसे राजनांदगांव पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रोडक्शन वारंट पर हिरासत में लिया और राजनांदगांव लेकर आई। आरोपी दिनेश चरपोटा पिता छगन चरपोटा (उम्र 36 वर्ष), निवासी- गणेशीलाल का पाड़ला, चौकी माहीडेम, थाना भुंगड़ा, जिला बांसवाड़ा (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। वहीं फरार आरोपी हरीश उर्फ हरिया चरपोटा, परमेश उर्फ फंटू चरपोटा और सुनील चरपोटा (सभी निवासी जिला बांसवाड़ा, राजस्थान) की तलाश जारी है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है, जिससे अन्य कई मामलों के खुलने और माल बरामदगी की उम्मीद है। वहीं, फरार तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। राजनांदगांव पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्यवाही से स्थानीय व्यापारियों ने राहत की सांस ली है।

# शहर के शासकीय कार्यालयों समीप सहित ग्रामीण क्षेत्र में है डंप रेत का जखीरा

**कई ट्रिप बिक चुकी रेत, अधिकारियों व कर्मचारियों को खबर नहीं ?**



डोंगरगांव (दावा)। खनिज के मामले में छत्तीसगढ़ अन्य प्रदेशों से कई गुना आगे हैं किन्तु इसके उत्खनन और इससे मिलने वाले राजस्व को लेकर हमेशा सवाल उठते रहते हैं. शिवनाथ नदी में मिलने वाले रेत की प्रचुर मात्रा भी ग्राम पंचायतों को मालामाल कर सकती है किन्तु अवैध निकासी के चलते समस्त राजस्व माफिया खा जाते हैं. इन माफियाओं के पास न तो उत्खनन का कोई परमिशन है और न ही परिवहन के लिए अभिवहन पास, बावजूद इसके सेटिंग के चलते धड़ल्ले से अपना काम कर मोटी कमाई कर रहे हैं और शासन जमकर चूना लगा रहे हैं. रेत की मांग कभी भी कम नहीं हुई है और आवास से लेकर सभी प्रकार के निर्माण कार्यों में इसकी जरूरत रहती है, बावजूद इसके रेत के भंडार को शासन द्वारा नीलामी नहीं किया जाता है.

बता दें कि वर्तमान में रातापायली रेत खदान में बड़ी मात्रा में निकाली गई डंप रेत का खुलेआम परिवहन किया जा रहा है. सूत्रों की मानें तो गांव के प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से ही ये रेत माफिया सक्रिय हैं. वहीं कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से खनिज राजस्व की चोरी लगातार हो रही है. इधर रेत के अवैध कारोबार में लिप्त काफी चर्चित मटिया निवासी व्यक्ति के द्वारा शहर के तमाम रेत व मुरुम खदान चाहे वह स्वीकृत हो या न हो, अपने सेटिंग के दम पर बेधड़क खनिजों का दोहन कर रहा है. इसके अलावा ग्राम बरगांव निवासी एक व्यक्ति के द्वारा पीएम आवास के नाम पर बरगांव नदी पुल के पास से रात्रि में रेत का अवैध उत्खनन कर रहा है. इनके हौसले इतने बुलंद हैं कि इन्हें किसी भी कार्यवाही से कोई डर नहीं है.

### खनिजों के दोहन से पर्यावरण हो रहा है प्रभावित

खनिजों के लगातार दोहन से क्षेत्र के पर्यावरण पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है और नदी के बहाव, कटाव की दिशा लगातार बदल रही है, जिसकी किसी को कोई चिंता नहीं है. पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान लाल ईंट बनाने वाले बाहर राज्यों से आये लोगों के द्वारा किया जा रहा है. एक तरफ रेत के बेतहासा उत्खनन से नदियों की दिशा परिवर्तित हो रही है और कटाव हो रहा है। वहीं दूसरी ओर ईंट के निर्माण के लिए भूमिगत जल, विद्युत और उपजाऊ मिट्टी को बर्बाद कर रहे हैं. वहीं सबसे बड़ा नुकसान क्षेत्र के पहाड़ और पेड़ को खत्म किया जा रहा है.

### रेत का अवैध भंडारण और परिवहन

बता दें कि पीछे दिनों रातापायली ग्राम में रेत के अवैध भंडारण की जानकारी खबरों के माध्यम से दी गई थी. इस पर राजनांदगांव कलेक्टर के द्वारा कार्यवाही की बात कही गई थी लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है. इसके अलावा डोंगरगांव के एसडीएम व नगर पंचायत कार्यालय के समीप रेत का बड़ा जखीरा डंप कर रखा गया है. बता दें ठाकुर दैया, स्टेट हाइवे से बीपीएस स्कूल जाने वाले रास्ते में टेम्परेरी बॉउंड्रीवाल के पीछे रेत का डंप है. वहीं बरगांव में पीएम आवास के नाम पर रात्रि में रेत निकालकर बेचा जा रहा है और भंडारण किया जा रहा है.

### बगैर अभिवहन पास के हो रहा है परिवहन

हाईवा और माजदा में चारामा के रेत बताकर आसपास के नदियों के रेत को बड़ी राशि मे खपाया जा रहा है. जिससे आमजनता को काफी नुकसान उठाना पड़ता है. वहीं रेत, चुना पत्थर व गिट्टी जैसे खनिजों के परिवहन के लिए अभिवहन पास की आवश्यकता है, लेकिन यहां से खनिज माफियाओं के द्वारा नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे हैं.

इस मामले में जिला खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा से 8827032392 नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु जिम्मेदार अधिकारी के पद पर होने के बावजूद उनके मोबाईल नंबर में कारण और नाम का रिकार्डिंग रिप्लाई होने की वजह से बात नहीं हो पाई.

# पीएम श्री के.वि. खैरागढ़ में 12 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत




प्रिंस साहू | अंशु कुर्रे | अंगिता वर्मा | सान्या देवागंन | सत्यम यादव | आर्य कुमार

**वाणिज्य में प्रिंस, विज्ञान संकाय में अंशु प्रथम**

खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में सीबीएसई की कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 100 प्रति. रहा। सीबीएसई के नतीजों में कक्षा 12 वीं में कुल 51 में से सभी 51 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा 12 वीं वाणिज्य में प्रिंस कुमार साहू 86.8 प्रति. अंक प्राप्त कर प्रथम, सान्या देवांगन 80.8 प्रति. अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं सत्यम यादव 80.4 प्रति. अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12 वीं विज्ञान में अंशु कुर्रे 84.8 प्रति. अंक प्राप्त कर प्रथम, अंगिता वर्मा 84.2 प्रति. अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं आर्य कुमार 83.4 प्रति. अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार एवं सभी शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। परीक्षा परिणाम में सफलता से विद्यालय में प्रसन्नता का वातावरण है।शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम से अभिभावकों में भी हर्ष है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिश्रम के साथ-साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों को दिया है।

# डॉक्टर जे.बी. सिंह मेमो. स्कूल की छात्रा देविका ने किया जिले में टॉप



राजनांदगाँव (दावा)। देविका साहू ने मानविकी श्रेणी में सर्वाधिक अंक पाकर जिले में टॉप किया। उनके विद्यालय डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस उपलब्धि पर हर्ष और गर्व व्यक्त किया।

स्कूल प्रबंधन और शिक्षकगण ने देविका की मेहनत, अनुशासन और परिवार के समर्थन की सराहना की। प्राचार्या एकता खण्डेलवाल ने बताया कि यह सफलता समर्पण और नियमित अध्ययन का परिणाम है। यह छात्रा हॉस्टल में रहकर अपनी पढ़ाई के प्रति नियमित रूप से समर्पित रही और बिना एक भी दिन गैप किए शाला नियमित रूप से अटेंड करती रही ।बिना किसी बाहरी कोचिंग के सिर्फ शाला के शिक्षकों के भरोसे और अपने अध्ययन के बूते इस छात्रा ने यह महान उपलब्धि प्राप्त करी है।

देविका ने कहा कि यह जीत उनके माता-पिता, शिक्षकों और साथियों के समर्थन के बिना मुमकिन नहीं थी। उनका लक्ष्य आगे की पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय स्तर पर मानविकी में विशेष योगदान देना है। स्थानीय मीडिया और सामाजिक मंचों पर विद्यालय की यह उपलब्धि व्यापक प्रशंसा पा रही है। विद्यालय ने आगामी दिनों में अन्य छात्र-छात्राओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए प्रेरक कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की।

प्रधानाचार्या एकता खण्डेलवाल ने कहा 'देविका की सफलता पूरे विद्यालय के लिए प्रेरणा है। हम सभी छात्रों को समान अवसर और मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे। देविका के पिताजी तुमेश्वर साहू एक किसान हैं तथा उनकी माता ईश्वरी साहू ग्रहणी हैं। हमारी बेटी की मेहनत का फल मिला-हम विद्यालय और शिक्षकों के आभारी हैं।

प्रबंधन समिति की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जेबी सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि देविका को जीवन में और अग्रिम ऊंचाइयां प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। हमारे ही स्कूल की छात्रा सुष्मिता सिंह ने अभी हाल ही में आईएफएस क्लीयर किया है। ऐसी अनेक मिसालें हमारे संस्थान ने दिया है। यह उपलब्धि न केवल छात्रा और परिवार के लिए बल्कि जिले के शैक्षिक मानदंडों के लिए भी गर्व की बात है; उम्मीद की जाती है कि देविका भविष्य में भी इसी तरह नयी ऊँचाइयाँ छुएँगी। डॉ. सविता जे.बी. सिंह, अशोक चौधरी, संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, इला सिंह, जाह्नवी सिंह, अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल, प्राचार्या एकता खण्डेलवाल, विषय शिक्षिकाओं भूमिका साहू, हर्षा सोनी, अंजलि साहू ने हर्ष व्यक्त किया है। चिचोला पाटेकोहड़ा के पास एक ग्राम कुहीकोड़ा की रहने वाली देविका ने अपने लक्ष्य पर अडिग रहते हुए डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल स्कूल में ह्यूमैनिटीज़ का चयन किया। हॉस्टल में रहकर आज इस उपलब्धि को हासिल किया। देविका भविष्य में आईएएस बनना चाहती है।

# आमान ने कक्षा 12वीं में 98.6 % प्राप्त कर रायगढ़ का मान बढ़ाया



राजनांदगांव(दावा)। राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आमान खान ने सी.बी.एस.ई. कक्षा 12वीं में 98.6 प्रति. प्राप्त कर रायगढ़ जिले का मान बढ़ाया है। जिसमें से हिस्ट्री में 100, पॉलिटिक साइंस में 98, जियोग्राफी में 99, इंग्लिश में 98, इकोनॉमिक्स में 95 तथा फिजिकल एजुकेशन में 98 अंक प्राप्त किए है। प्रारंभ से ही मेघावी रहे आमान ने लगातार विभिन्न कक्षाओं में अपने परसेंट के स्तर को बनाए रखा। सी.यू.ई.टी. एग्जाम के पश्चात अच्छे कॉलेज के माध्यम से इतिहास में स्नातक होकर प्रशासनिक सेवा में जाने की इच्छा जताई है। आमान का प्रिय विषय इतिहास है तथा वे आर्कियोलॉजी में भी कुछ करने की इच्छा रखते है। समय पाबंद और कठिन परिश्रम, एकाग्रता के साथ अनुशासन को अपने जीवन का आधार स्तंभ बताया है। आमान ने यह उपलब्धि 4-5 घंटे खेल के पश्चात हासिल की है। आमान खान ने अपने बाल दिनों से बैडमिंटन में सराहनीय उपलब्धियां हासिल की है, जिसमें अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 में कई बार रायगढ़ जिला का नाम रोशन किया है। तथा वर्तमान में राष्ट्रीय बैडमिंटन के 44 रैंक पर काबिज है। अपनी खेल उपलब्धियों के कारण आमान कई बार जिला प्रशासन द्वारा 15 अगस्त, 26 जनवरी में सम्मानित किए जा चुके है। रायगढ़ के प्रतिष्ठित, प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी एवं कोच अकरम खान के सुपुत्र है। उनकी माता श्रीमती इशरतजहां समाज शास्त्र से एम.ए. है तथा बड़ी बहन श्रीमती आफिया खान राजनीतिक विज्ञान में संबलपुर यूनिवर्सिटी से ऑनर्स, इग्नू से एम.ए. करते हुए बी.एड. कर शिक्षिका के रूप में सेवाएं देकर वर्तमान में अपनी शादी-शुदा जिंदगी व्यतीत कर रही हैं। आमान खान अपने इस उपलब्धि का सारा श्रेय अपने माता-पिता, बड़ी बहन के अलावा अपने मार्गदर्शन देने वाले समस्त शिक्षकों को दिया है। आमान की इस उपलब्धि पर छ.ग. प्रदेश के अलावा मुस्लिम समाज भी गौरवान्वित है।

# एनबीआईएस बोरी के छात्रों का वर्चस्व, लगातार दो वर्षो से डिस्ट्रिक्ट टॉपर



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में सीबीएसई बोर्ड बारहवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। शाला की गणित संकाय की छात्रा स्वर सांखला ने 96.80 प्रतिशत के साथ न केवल शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया बल्कि राजनांदगांव जिले में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। विगत वर्ष शिक्षा सत्र 2024-25 में शाला की वाणिज्य संकाय की छात्रा जान्हवी जैन ने भी 94.2 प्रतिशत का टॉप स्कोर करते हुए जिले में अपना प्रथम स्थान सुनिश्चित किया था। लगातार दो वर्षों से शाला के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। शिक्षा सत्र 2025-26 में बोर्ड की परीक्षाओं में कक्षा दसवीं के 23 व कक्षा बारहवीं के 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। शाला परिवार सदैव बच्चों के हित को सर्वोपरि मानते हुए, उच्च शिक्षा सरलता से उपलब्ध कराता है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि बारहवीं के बाद ही असली परीक्षा में हम प्रवेश करते हैं, जिससे हम जीवन जीना सीखते है। जीवन में जब भी गुरु की जरूरत पड़े, शाला का द्वार अपने छात्रों के लिए सदैव खुला है।

# छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण : सीनियर एशियाई वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप में ज्ञानेश्वरी यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर एवं कांस्य पदक जीता




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की प्रतिभाशाली वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने सीनियर एशियाई वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप में 53 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर एवं कांस्य पदक जीतकर प्रदेश एवं देश का नाम गौरवान्वित किया है। ज्ञानेश्वरी यादव ने स्नैच में 88 किलोग्राम एवं क्लीन एण्ड जर्क में 106 किलोग्राम वजन उठाकर कुल 194 किलोग्राम का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस शानदार उपलब्धि पर जिला प्रशासन, कोच अजय लोहार विश्वकर्मा, स्टेडियम समिति, जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक अजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष अमित आजमानी, संघ के समस्त पदाधिकारियों, जय भवानी व्यायाम शाला एवं समस्त खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# युगांतर का सीबीएसई 12 वीं बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम




**8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया**

राजनांदगांव (दावा)। सीबीएसई बारहवीं बोर्ड की परीक्षाफल सीबीएसई द्वारा घोषित हुए, जिसमें युगांतर पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। घोषित नतीजों में युगांतर के कुल 8 विद्यार्थियों ने 90त्न से अधिक अंक अर्जित करके विद्यालय और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। वाणिज्य संकाय के यश जैन (96.4प्रतिशत) प्रथम, चारूल नागेश्वर (95.6प्रतिशत) द्वितीय, आदर्श बैद (94.2प्रतिशत) तृतीय रहे। इनके अलावा सौम्या लोहिया (93.2प्रतिशत), यशस्वी रूंगटा (93प्रतिशत), श्रीया बैद (92.8प्रतिशत), घनिष्ठा जैन (91.8प्रतिशत) का भी उल्लेखनीय परिणाम रहा। इस संकाय में 9 विद्यार्थियों ने 80त्न से 90त्न के बीच अंक अर्जित किया। वाणिज्य संकाय का परीक्षाफल 94त्न रहा। इसी तरह विज्ञान संकाय में सौम्या देवांगन (92प्रतिशत) प्रथम, गुंजन बोथरा (88.2प्रतिशत) द्वितीय, वसुन्धरा जैन (85.6प्रतिशत) तृतीय रहे। इनके अलावा हिमानी जोगी (84.2प्रतिशत), श्रद्धा अहिरवार (81.6प्रतिशत), चित्रान्श श्रीनाग (79.6प्रतिशत) का भी उत्कृष्ट परिणाम रहा। 4 विद्यार्थियों ने 80प्रतिशत से 90प्रतिशत के बीच अंक अर्जित किया। विज्ञान संकाय का परीक्षाफल 92प्रतिशत रहा। दोनों संकाय में 13 विद्यार्थियों ने 80प्रतिशत से 90प्रतिशत के बीच अंक अर्जित किए हैं।

इकोनॉमिक्स में यश जैन ने शत-प्रतिशत अंक, यशस्वी रूंगटा ने 98 अंक, बीएसटी में यश जैन, यशस्वी रुँगटा ने 97, एकाउंटेंसी में आदर्श बैद ने 98, हिंदी में चारूल नागेश्वर ने 98, ईएनटी में ईशनूर कौर भाटिया ने 98 अंक, अंग्रेजी में सौम्या लोहिया,चारूल नागेश्वर, सायली कोठारी ने 97, पेंटिंग में सोनाली जायसवाल, अनुष्का जैन ने 98 अंक अर्जित करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने समस्त छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि लक्ष्य पर फोकस करने से ही विद्यार्थी मनवांछित सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर संस्था के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़ीया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़ीया सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।


# आज से शनिदेवधाम में श्री शनि जन्मोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। शनिदेव रानीसागर द्वारा आज 15 मई से दो दिवसीय 7 शनिदेव जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन समिति के राकेश ठाकुर ने बताया कि 15 मई को शाम 7.15 बजे दीपोत्सव एवं आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है।

इसी तरह 16 मई को संध्या सात बजे से भव्य आरती एवं प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित है। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से इन आयोजनों में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# गुजराती स्कूल प्रांगण में आज से 'हमर माटी के तिहार मड़ई-2026' का भव्य एवं रंगारंग आयोजन

**दस दिनों तक बिखरेंगी रंग-बिरंगी मनोहारी छटा**




राजनांदगांव (दावा)। शहर के गौरव पथ रोड स्थित गुजराती स्कूल के प्रांगण में आज 15 मई को संध्या 7 बजे 'हमर माटी के तिहार मड़ई-2026' का भव्य आगाज होने जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। दस दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में रोजाना शाम 4 बजे से लेकर रात 10 बजे तक हमर माटी के तिहार 'मंडई' की रंग-बिरंगी मनोहारी छटा बिखरेंगी।

### लोककला, गीत, संगीत, नृत्य व खेलकूद की होगी प्रतियोगिताएं

आल वालेंटरी एसोशिएशन फाउंडेशन एवं एच.डी. प्रोडक्शन द्वारा आयोजित हो रहे इस भव्य एवं रंगारंग आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक कला, संगीत, नृत्य, पारंपरिक खेलकूद, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं एवं आधुनिक युवा कला मंच को एक साथ प्रस्तुत किया जाएगा। यह आयोजन स्थानीय कलाकारों, कारीगरों एवं व्यापारियों के लिए भी एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष होमन देशमुख ने रंगारंग आयोजन 'राजनांदगांव मड़ई-2026' का आनंद उठाने लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com